रोहतक
बुधवार, 15 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 256
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 30.4
न्यून. 15.7

haribhoomi.com


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



5 पैरा पावरलिफ्टर मैथ्यू ने जीता कांस्य पदक



## मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ, दस बसें चलाई, दिवाली तक निःशुल्क यात्रा कर सकेंगे

# गीता स्थली में देश-विदेश से आने वाले पर्यटक इलेक्ट्रिक बसों में करेंगे सफर

हरिभूमि न्यूज ⏩ कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गीता स्थली कुरुक्षेत्र में इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा शुरू की है। अब देश विदेश से आने वाले पर्यटक व स्थानीय नागरिक इन इलेक्ट्रिक बसों में सफर कर सकेंगे। इस शहर में 10 बसें चलाई गई है और दीपावली तक यात्री इलेक्ट्रिक बसों में निशुल्क सफर कर सकेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को गीता स्थली ज्योतिसर में हरियाणा राज्य परिवहन विभाग की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा राज्य परिवहन विभाग की तरफ से पर्यावरण अनुकूल 10 इलेक्ट्रिकबसों को हरी झंडी देकर रवाना किया।



### मुख्यमंत्री ने किया बस में सफर

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, हरियाणा राज्य परिवहन विभाग के महानिदेशक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के द्वितीय गेट तक बस में सफर किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इलेक्ट्रिक बस सेवा के लिए नागरिकों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए पत्रकारों से बातचीत की और कहा कि दीपावली तक कुरुक्षेत्र शहर की 10 इलेक्ट्रिक बसों में यात्री निःशुल्क सफर कर सकेंगे। यह इलेक्ट्रिक बसें अलग अलग रूट पर चलाई जाएंगी। इस इलेक्ट्रिक बस सेवा से देश विदेश से आने वाले पर्यटकों को भी फायदा मिलेगा।

### धर्म नगरी में प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव, सूर्य ग्रहण मेला, सोमवती अमावस्या के साथ-साथ अन्य मेलों में बस सेवा का यात्री फायदा उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि शून्य उत्सर्जन सार्वजनिक परिवहन शुरू करने के उद्देश्य से राज्य परिवहन हरियाणा ने भारत सरकार के राष्ट्रीय इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन 2020 के अंतर्गत राष्ट्रीय इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन को प्राप्त करने के लिए हरियाणा और उसके आस-पास के राज्य में पर्यावरण अनुकूल इलेक्ट्रिक बस सेवा चलाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार सार्वजनिक परिवहन बस सेवा प्रदान करने के लिए 10 नगर निगमों, पंचकूला, अम्बाला, यमुनानगर, करनाल, पानीपत,सोनीपत व अन्य शहरों में बसें चलाई जा रही है।

## ढोसी की पहाड़ियों को पर्यटक मानचित्र में लाया जाएगा



चंडीगढ़। हरियाणा के सहकारिता, विरासत और पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक राज्य–एक वैश्विक गंतव्य संकल्प के तहत महेंद्रगढ़ की ढोसी की पहाड़ी और नारनौल को दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर लाने का प्रस्ताव रखा । उन्होंने कहा कि यदि पर्यटन मंत्रालय ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर की नगरी महेंद्रगढ़–नारनौल को विकसित करे तो देश ही नहीं, विदेशी पर्यटक भी एक शानदार पर्यटन स्थल का अनुभव कर पाएंगे। पर्यटन मंत्री डॉ. शर्मा ने कहा कि प्राकृतिक एवं अरावली पर्वतमाला में स्थित इस शानदार स्थल के विकसित होने से दक्षिण हरियाणा में रोमांच, धरोहर, प्राकृतिक चिकित्सा और खेल आधारित गतिविधियों का केंद्र तैयार होगा। मंगलवार को हरियाणा के पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा झीलों की नगरी उदयपुर (राजस्थान) में पर्यटन मंत्रालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्य पर्यटन मंत्रियों की बैठक में संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में अहम मुद्दों पर चर्चा की गई।

## पंजाब की तर्ज पर किसानों को मुआवजा दे सरकार

चंडीगढ़। हरियाणा में बाढ़ से किसानों को हुए भारी नुकसान पर आम आदमी पार्टी ने बीजेपी सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर सीधा हमला बोला है।



पार्टी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने कहा कि अगर पंजाब में किसानों को 30 दिन में 20 हजार प्रति एकड़ मुआवज़ा दिया जा सकता है, तो हरियाणा में ऐसा क्यों नहीं हो सकता ढांडा ने बताया कि बाढ़ से हरियाणा में 5.30 लाख किसान, 6,395 गांव और करीब 31 लाख एकड़ जमीन प्रभावित हुई है। इसके बावजूद किसानों को आज तक एक रुपया मुआवज़ा नहीं मिला। 8 जिलों में 15,834 एकड़ गिरदावरी का काम अभी भी अधूरा है। उन्होंने कहा कि इतना बड़ा नुकसान हो गया, लेकिन बीजेपी सरकार चुपचाप बैठी है। ये किसानों के साथ सीधा धोखा है। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने सिर्फ 15,000 प्रति एकड़ मुआवज़े की बात कही, लेकिन किसानों के खाते में अब तक कुछ नहीं आया।


### उत्तर रेलवे

#### निविदा सूचना

दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे के NSG-5 और NSG-6 श्रेणी के स्टेशनों पर संविदा पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एस.टी.बी.ए) की नियुक्ति हेतु निविदा की सूचना।
(File No.C6/STBA/Policy/II/18)

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा संख्या :** C-6/STBA/Policy/II/18 |
| 2 | **कार्य का नाम व स्थान :** दिल्ली मंडल के अंतर्गत 01 NSG-5 और 19 NSG-6 श्रेणी के कुल 20 स्टेशनों पर कम्प्यूटरीकृत अनारक्षित टिकट प्रणाली (यू.टी.एस) द्वारा अनारक्षित रेल टिकटों को जारी करने हेतु तीन वर्ष के लिए संविदा पर नियुक्ति हेतु। |
| 3 | **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** मूल्य रु. 1000/-+ 18% GST= रु. 1180/- (रुपए एक हज़ार एक सौ अस्सी मात्र) |
| 4 | **धरोहर राशि** (EMD) **:** एन एसजी-6 श्रेणी स्टेशन के लिए आवेदन करने पर 2,000/- रुपये (केवल दो हजार रुपये), एन एस जी-5 श्रेणी स्टेशन के लिए आवेदन करने पर 5000/- रुपये (केवल पांच हजार रुपये) का धरोहर राशि (EMD) शुल्क देना होगा। |
| 5 | **कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र प्राप्त की जा सकती है :** वाणिज्य शाखा मंडल कार्यालय स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली-110055 से सभी कार्य दिवस में दिनांक 15.10.2025 से दिनांक 06.11.2025 तक प्रातः 11:00 बजे से सायं 17:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। |
| 6 | **निविदा का प्रकार :** खुली निविदा |
| 7 | **निविदा जमा करने तथा खुलने की तिथि व समय :** 07.11.2025 को 15:00 बजे तक निविदा, निविदा कक्ष वाणिज्य शाखा मंडल कार्यालय स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली-110055 प्राप्त की जायेगी तथा तुरंत बाद 15:10 बजे निविदा खोली जाएगी। |
| 8 | **सम्पूर्ण निविदा सूचना कहाँ देखी जा सकती है :** निविदा निमंत्रण की सूचना तथा निविदा प्रपत्र उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.nr.indianrailways.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते हैं। |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3169/2025


## कांग्रेस नेता सुरजेवाला ने अपनी जान और परिवार की सुरक्षा को खतरा बताया, हाईकोर्ट में याचिका दाखिल

चंडीगढ़। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने अपनी जान और परिवार की सुरक्षा को खतरा बताते हुए हाईकोर्ट में एक अर्जी दायर की है। हाईकोर्ट ने अर्जी पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार से इस मामले में रिपोर्ट दायर करने का आदेश दिया है।

### वाई प्लस सुरक्षा को हटाने की तैयारी

बहस के दौरान कोर्ट को बताया गया कि कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सुरक्षा एजेंसियों द्वारा किए गए ताजा खतरे के आकलन के आधार पर सुरजेवाला की वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा वापस लेने का प्रस्ताव दिया है। सुरजेवाला को पहले वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गई थी। इस पर अदालत ने 11 जुलाई, 2025 को आदेश जारी कर सुरजेवाला को यह अनुमति दी थी कि वे संबंधित अधिकारियों के समक्ष पेश होकर अपने खतरे के बारे में सभी साक्ष्य और सामग्री चार सप्ताह के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं।

## लंबे समय से चल रहा केस अपने आप में सजा, हाईकोर्ट ने दोषी की सजा घटाई

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक फैसले में कहा है कि किसी मुकदमे को 16 वर्ष तक लटकाए रखना अपने आप में एक सज़ा के समान है। जस्टिस सुमित गोयल की एकल पीठ ने 2009 के अफीम रखने के मामले में दोषी ठहराए गए 50 वर्षीय बलविंदर सिंह की चार वर्ष की सजा को घटाकर 'पहले से बिताई गई अवधि' तक सीमित कर दिया। हाई कोर्ट ने कहा कि सजा का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि सुधार और पुनर्वास भी है। हरियाणा निवासी बलविंदर सिंह को वर्ष 2009 में बिना वैध परमिट के 500 ग्राम अफीम रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। नवंबर 2011 में करनाल की विशेष एनडीपीएस अदालत ने उन्हें एनडीपीएस अधिनियम की धारा 18(सी) के तहत दोषी मानते हुए चार साल की सजा सुनाई थी।

## स्कूलों को 18% जीएसटी के साथ जमा करवाना होगा सम्बद्धता शुल्क

चंडीगढ़। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से संबद्ध सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी/गुरूकुल/विद्यापीठ परीक्षा शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए अराजकीय स्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालय 18 प्रतिशत जीएसटी सहित ऑनलाइन गेटवे पेंमेट के माध्यम से सम्बद्धता शुल्क जमा करवा सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि शैक्षिक सत्र 2021-22, 2022-23, 2023-24, 2024-25 के सम्बद्धता शुल्क का केवल जीएसटी एवं शैक्षिक सत्र 2025-26 का सम्बद्धता शुल्क (जीएसटी सहित) जमा करवाया जाना है। बोर्ड के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी।


### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, फतेहाबाद

#### गुमशुदा की तलाश



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सकीना पुत्री धर्मवीर निवासी दरियापुर, भूना, दिनांक 06 अक्तूबर 2025 को अपने घर से बिना किसी को कुछ बताए कहीं चली गई है। परिजनों व पुलिस द्वारा अब तक की गई तलाश के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है।
गुमशुदा लडकी का हुलिया निम्नलिखित हैः
नामः सकीना
उम्रः लगभग 16 साल
कदः लगभग 5 फीट
रंगः गेहुआं
चेहराः गोल चेहरा
पहनावाः स्कूल ड्रेस पहने हुए है।
जिस किसी सज्जन को उपरोक्त लडकी के संबंध में कोई सूचना प्राप्त हो, वह कृपया तुरंत नीचे दिए गए संपर्क सूत्रों पर सूचित करेः
संपर्क करेंः
थाना भूना जिला फतेहाबाद
मोबाइल नं.: 8814011710
प्रबन्धक अफसर थाना जाखल फतेहाबाद
88140-11710, अनुसंधान कर्ता .. या नजदीकी पुलिस स्टेशन में जानकारी दें।
आपकी दी गई सूचना गुप्त रखी जाएगी।
पीआरडीएच 1084/11/4008/2026/39432/88/6 दि. 14.10.2025


### खबर संक्षेप

#### इनेलो ने खेल व युवा प्रकोष्ठ का विस्तार किया

चंडीगढ़। संगठन का विस्तार करते हुए इनेलो के खेल एवं युवा कल्याण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सिंह मोर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. अभय सिंह चौटाला एवं प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा से विचार विमर्श करके 8 प्रदेश उपाध्यक्ष, 7 प्रदेश महासचिव, 5 सचिव और 1 प्रचार सचिव समेत तीन सदस्यों की नियुक्ति की।

#### जजपा पिछड़ा वर्ग की कार्यकारिणी का गठन

चंडीगढ़। जननायक जनता पार्टी ने अपने संगठन में विस्तार करते हुए पिछड़ा वर्ग की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा, बीसी सेल के प्रदेश प्रभारी धर्मपाल प्रजापत, प्रदेश अध्यक्ष राजेश सैनी व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श के बाद बीसी सेल में 26 वरिष्ठ पदाधिकारियों की नियुक्तियों की सूची जारी की।

#### धान किसानों को 4214 करोड़ की अदायगी

चंडीगढ़। सूबे में खरीफ खरीद सीजन 2025 - 26 के दौरान किसानों के खातों में अब तक 4214.85 करोड़ की अदायगी उनके बैंक खातों में सीधे स्थानांतरित की जा चुकी है। इस तरह सरकार ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का भुगतान सुनिश्चित किया है।

### ऊर्जा मंत्री विज की अधिकारियों को खरी-खरी

## बिजली चोरी रोकने में किसी भी प्रकार की कोताही सहन नहीं



चंडीगढ़। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रदेश में बिजली रोकने में किसी भी प्रकार की कोताही को सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पेड़ों की शाखाओं के टकराने से बिजली के व्यवधान की दिक्कत को दूर किया जाएगा और इस संबंध में व्यापक अभियान चलाकर पेडों की कटाई व छंटाई करवाई जाएगी विज ने कहा कि बिजली चोरी में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी क्योंकि अब ऊर्जा विभाग अनिल विज के पास आ गया है और बिजली का बिल भरना होगा, मुफत में बिजली नहीं मिलेगी। विज यहां यूटी गेस्ट हाउस में ऊर्जा विभाग के अधिकारियों की एक समीक्षा बैठक ले रहे थे। बैठक में वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### 'अग्निपथ नहीं जनपथ' का विमोचन



चंडीगढ़। हरियाणा भाजपा के प्रभारी व राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष डा. सतीश पूनिया की पुस्तक 'अग्निपथ नहीं जनपथ' (संवाद से संघर्ष) का विमोचन पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने किया। सतीश पूनिया ने अपनी इस पुस्तक में साल 2018 से 2023 तक विधायक रहते हुए अपने कार्यकाल, जनता की समस्याओं और उनके समाधान को शामिल किया है। राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और भीलवाड़ा जिला प्रमुख बरजी बाई भील भी पुस्तक के विमोचन समारोह में शामिल हुए।


### राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस)

(जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान), भारत सरकार
गेट नं. 5, जीवन तारा बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली–110001

#### भर्ती अधिसूचना

#### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय स्टाफ चयन परीक्षा (ESSE)-2025

भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत नेस्ट्स (NESTS) ने देश भर में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (EMRS) में शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों पर भर्ती हेतु अधिसूचना जारी की है और ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है। आवेदन करने की अंतिम तिथि: **23.10.2025 (23:50 बजे तक)।**

**रिक्तियां:** प्रधानाचार्य (225), पीजीटी (1460), टीजीटी (3962), महिला स्टाफ नर्स (550), छात्रावास वार्डन (पुरुष / महिला) (635), लेखाकार (61), कनिष्ठ सचिवालय सहायक (228), प्रयोगशाला परिचर (146)

अधिक जानकारी एवं आवेदन के लिए, लिए "**www.nests.tribal.gov.in**" पर विजिट करें।
जारीकर्ता: **NESTS**



### भौतिक कब्जा सूचना

**ICICI Home Finance** पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051
**कार्पोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
**शाखा कार्यालय :** सिटी स्क्वेयर, प्रथम तल, प्लॉट नं. 932/935, आईबी कॉलेज के सामने, जी.टी. रोड, पानीपत-132103

चूंकि

अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित तिथियों को यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | दीपक कुमार पुत्र मोहन लाल (कर्जदार), अनीता देवी पत्नी दीपक कुमार (सह-कर्जदार), NHPNP00001297246. | दस्तावेज नं. 2026 दिनांक 10.06.2014 के अनुसार गांव गढ़ी सिकंदरपुर, तहसील और जिला पानीपत में स्थित 13 किता में खेवट सं. 14, खतौनी सं. 16, किल्ला सं. 9//16-17-24-25, 10//20-21, 11//1-10, 8-0, 8-0, 8-0, 8-0, 2-9 6-8 8-0 7-0 12//4-5-6-7-14 में निहित भूमि माप 94 कनाल 4 मरला में से 76/1884 हिस्सा जो माप 3 कनाल 16 मरला वाली संपत्ति के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं - उत्तर : अन्य संपत्ति, दक्षिण : रोड, पूर्व : अन्य संपत्ति, पश्चिम : अन्य संपत्ति /कब्जे की तिथि-09.10.2025 | 12-11-2024 रु. 87,14,672.96/- | पानीपत |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद् द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

दिनांक : 15 अक्तूबर 2025, स्थान : पानीपत — प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड



### कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

मु.न. 294 दिनांक 09.10.2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना शहर सोनीपत जिला सोनीपत



**गुमशुदा की पहचान**
नाम - श्यामो देवी।
पति का नाम - रमेश सिंह।
पता - वासी हाउस न0.2625, सेक्टर-23 जिला सोनीपत हरियाणा।
उम्र 70 वर्ष ।
कद 5 फुट ।
हुलियाः रंग गेंहुआ, गोल चेहरा, सफेद बाल, काली आँखे, सामान्य शरीर है।
पहनावाः- गुलाबी रंग की साडी व पैरों में चप्पल पहने हुए हैं।
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 08.10.2025 को श्यामो देवी पत्नी रमेश सिंह वासी हाउस न0.2625, सेक्टर-23 जिला सोनीपत अपनी मर्जी से घर से बिना बताए कहीं चली गयी हैं। अब तक वापिस नहीं आयी हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना शहर सोनीपत में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना शहर सोनीपत-7419410532
अनुसंधानकर्ता मो0 न0-9812402660
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100
हस्ता/-अपराध अभिलेखअधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत
पीआरडीएच-1084/11/4015/2026/39471/88/6 दि. 14.10.2025


# एडीजीपी के परिवार से मिलकर राहुल ने दुःख साझा किया, ढांढस बंधाया

योगेंद्र शर्मा ⏩ चंडीगढ़

कहते हैं-बच्चे तो बच्चे हैं, उनको किसी की सियासत के जोड़ भाग से क्या लेना देना कुछ इसी तरह का नजारा था, मंगलवार को उस वक्त जब नेता विपक्ष और वरिष्ठ सांसद कांग्रेस राहुल गांधी जिस वक्त चंडीगढ़ सेक्टर 24 स्थित दिवंगत वाई पूरन कुमार की आईएएस अमनीत पी कुमार के आवास पर पहुंचे। पहले राहुल गांधी ने परिवार के सभी सदस्यों से बारी बारी से मुलाकात की। उनके साथ में दिल की बात और उनकी बात सुनी। बाद में दोनों बेटियों बड़ी अदिति और छोटी अमूल्या के साथ में शांत होकर बैठ गए, कुछ देर चुप्पी के बाद में दोनों से धीमी आवाज में कुछ सवाल किए और बेटियों से उनके पापा के बारे में पूछा..। जिस पर कुछ चुप्पी के बीच बेटियों ने कुछ बोला। इस दौरान भावुक हुए राहुल की आंखों में आंसू और उनको अपने पिता स्वर्गीय राजीव गांधी की याद आ गई। कुछ पल के लिए गहरी चुप्पी के बाद में फिर से उन्होंने दिवंगत वाई पूरन कुमार और अमनीत पी रतन की दोनों बेटियों से बातचीत की।

### परिवार को न्याय दिलवाए सरकार

कड़ी सुरक्षा के पहरे के कारण बेहद ही कम लोग उस दौरान आवास के अंदर थे। राहुल ने मंगलवार को बाहर आकर मीडिया से भी विस्तार से बातचीत की साथ ही कहा कि परिजनों की मांग के अनुसार न्याय होना चाहिए। सरकार को देरी नहीं करनी चाहिए पीएम और सीएम से उन्होंने अपील भी की और फिर से दिल की बात करते हुए कहा बेटियों को अपने पापा का मान सम्मान, रीति रिवाज के साथ में अंतिम संस्कार चाहिए परिवार को मान सम्मान चाहिए, आप धमकाकर किसी को दबा नहीं सकते, किसी की आवाज को दबा नहीं सकते। वहीं लोक जनशक्ति पार्टी के नेता चिराग पासवान ने भी परिवार के लोगों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।



बेटी के साथ आईएएस अधिकारी।


### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में हांसी में ज्यूडीशियल कॉम्पलैक्स में 2 अदद लिफ्टों का प्रावधान (सिविल एवं इलैक्ट्रिकल कार्य) (इलैक्ट्रिकल कार्य का प्रावधान केवल) + 6 कार्य। | 10.10.2025 23.10.2025 | 19.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में गुरूग्राम फरीदाबाद रोड (एमडीआर-137) से गांव कादरपुर वाया बेहरामपुर कि.मी. 0.00 से 7.55 तक रोड के मजबूतीकरण का प्रावधान (रोड आईडी 10218, 10219 और 3044) (कार्य कार्यक्रम 2025-26)। | बंद होने की तिथि 16.10.2025 | 119.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | फरीदाबाद जिले में आईटीआई एनआईटी-V फरीदाबाद के लैंडस्केपिंग कार्य का विकास। | 09.10.2025 20.10.2025 | 12.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |
| 4 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिरसा जिले में नाथूसरी चौपटा में चौ. देवीलाल राजकीय बहुतकनीकी के परिसर में वर्कशॉप और लैबोरेट्री ब्लॉक में रैम्प के लम्बित कार्य और रोड पार्किंग के निर्माण हेतु डीएनआईटी। (जीएसटी के बिना)। | 10.10.2025 17.10.2025 | 55.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में सोनीपत में सुभाष स्टेडियम में फैसिलिटेशन सेंटर के निर्माण हेतु बकाया कार्य। | 10.10.2025 21.10.2025 | 153.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 6 | महिला एवं बाल विकास विभाग पंचकूला | सक्षम आंगनवाड़ी हेतु ईसीसीई किट की खरीद के लिए ई-निविदा सूचना। विज्ञापन के मामले में विज्ञापन प्रकाशन के लिए एक आग्रह एतद द्वारा संलग्न किया गया है। | बंद होने की तिथि 28.10.2025 | 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416654430 dd1.wcd@gmail.com |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नारनौल | कि.मी. 25.275 से 32.000 तक नोलपुर डिस्टी. की आंतरिक गाद सफाई + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 16.10.2025 | 4.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168502876 xenprcharkhidadri@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in — पीआरडीएच-11/2026/160/39457/I/88/6 दि. 14.10.25



### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर में तेजली स्टेडियम में स्पोर्ट्स हॉस्टल (फुटबाल स्पोर्ट्स अकेडमी) की चारदिवारी की 5' 11.5'' ऊंची और 9' मोटी स्टेगर्ड चारदिवारी का निर्माण। | 13.10.2025 20.10.2025 | 10.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1732237834 pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic.in |
| 2 | जिला परिषद सोनीपत | गांव छतेरा, भादुरपुर में उप स्वास्थ्य केन्द्र + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 16.10.2025 | 235.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeengzp.snp@gmail.com |
| 3 | कृषि एवं किसान कल्याण, रोहतक | गांव आसन, ब्लॉक व जिला रोहतक में सब-सर्फेस ड्रेनेज टेक्नोलॉजी के माध्यम से वाटर लॉग्ड और सैलाइन सोइल का रिक्लेमेशन। | 10.10.2025 24.10.2025 | ईएमडी 7.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466723261 asco.rtk2015@gmail.com |
| 4 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय सोनीपत | केसीजीएमसी, करनाल में डीजल जनरेटर (डीजी) सैट्स समेत वैद्युत, अग्निशमन सेवाओं के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 16.10.2025 31.10.2025 | ईएमडी 5.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8295340665 director.kcghc-hry@gov.in |
| 5 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय सोनीपत | केसीजीएमसी, करनाल में 36 अदद लिफ्टों के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 16.10.2025 31.10.2025 | ईएमडी 1.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8295340665 director.kcghc-hry@gov.in |
| 6 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव पातुवास में बीसी चौपाल का निर्माण (स्कीम-डी प्लान 2025-26) + 2 कार्य। | 09.10.2025 17.10.2025 | 15.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168502876 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज पुण्डरी | गांव मोहना में गोगा मेडी से टीका पुत्र फतेह सिंह के मकान तक गली का निर्माण + 1 कार्य। | 13.10.2025 21.10.2025 | 5.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398020009 sdoprpundri@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in — पीआरडीएच-11/2026/140/39482/I/88/6 दि. 14.10.25

रोहतक
बुधवार, 15 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 256
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 30.4
न्यून. 15.7

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,029.98 | 297.07 ▼ |
| निफ्टी | 25,145.50 | 81.85 ▼ |
| धातु | कीमत | उछाल |
| सोना | 1,30,800/- | 2850/- ▲ |
| चांदी | 1,85,000/- | 6000/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | टूटकर |
|---|---|---|
| रुपया | 88.80 | 12 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल 61.99 बैरल | | 2.15% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।




# पूरन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रोहतक में एएसआई ने दी जान

## सर्विस रिवाल्वर से खुद को मारी गोली, 4 पेज का सुसाइड नोट छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

आईपीएस वाई पूरन कुमार की आत्महत्या का मामला अभी सुलझा भी नहीं था कि मंगलवार को रोहतक साइबर सेल में तैनात एएसआई संदीप कुमार ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उनका शव लाढ़ौत रोड पर खेत में बने मामा के मकान से मिला। मौके से 4 पेज का सुसाइड नोट बरामद हुआ है। मरने से पहले एएसआई ने वीडियो भी बनाया। एएसआई ने दिवंगत आईपीएस वाई पूरन कुमार और उनके गनमैन सुशील कुमार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। उसने वीडियो में कहा- करप्शन केस में बदनामी के डर से ही आईपीएस पूरन ने आत्महत्या की। 6 अक्टूबर को रोहतक पुलिस ने पूरन कुमार के गनमैन सुशील कुमार को शराब कारोबारी से रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया था। इससे अगले ही दिन 7 अक्टूबर को पूरन कुमार ने चंडीगढ़ में अपनी कोठी पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। संदीप कुमार के परिवार ने पोस्टमॉर्टम से इनकार कर दिया है। उन्होंने संदीप की डेडबॉडी लाढ़ौत गांव में मामा के घर रखी है। उनका कहना है कि जब तक एफआईआर दर्ज नहीं होगी, हम पोस्टमॉर्टम नहीं कराएंगे। संदीप कुमार मूल रूप से जींद जिले के जुलाना के वार्ड नंबर 4 के रहने वाले थे। फिलहाल वह रोहतक के लाढ़ौत रोड पर अपने मामा बलवान देशवाल के घर रहते थे। वह पिछले एक साल से रोहतक के साइबर सेल में तैनात थे। (पेज-2 भी देखें)



- मूल रूप से जुलाना के संदीप लाढ़ौत रोड पर मामा के घर रह रहे थे
- एक वर्ष से साइबर सेल में तैनात, मंगलवार को नहीं पहुंचे ड्यूटी पर
- परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से किया इनकार

### मरने से पहले संदीप ने वीडियो बनाया, आईपीएस पर लगाए आरोप, बिजारणिया को बताया ईमानदार

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार संदीप कुमार ने सर्विस रिवॉल्वर से गोली मारकर आत्महत्या की है। घटनास्थल से बॉडी के पास से एक 4 पेज का सुसाइड नोट मिला है। सुसाइड से पहले संदीप ने एक वीडियो भी बनाया है, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि संदीप कुमार एक ईमानदार कर्मचारी थे, जो अपना कार्य कर्तव्य निष्ठा भाव से करते थे। संदीप के मामा के बेटे संजय ने बताया कि भाई (संदीप) 2-3 दिन से परेशान चल रहा था।

### परिजनों ने पुलिस को नहीं सौंपा शव

संदीप की मौत के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने शव पुलिस को देने से इनकार कर दिया और गांव लाढ़ौत में ही शव लेकर बैठ गए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि पहले वाई पूरन कुमार की पत्नी पी अमनीत कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। इसके बाद ही वे शव का अंतिम संस्कार करेंगे। मामला काफी तनावपूर्ण होते देख एएसपी प्रतीक अग्रवाल देर रात तक गांव में डटे रहे और ग्रामीणों को समझाते रहे। ग्रामीणों का कहना है कि जिस तरह वाई पूरन का शव चंडीगढ़ में रखा गया, उसी तरह वे भी संदीप के शव को लेकर बैठेंगे। उन्होंने मांग की कि जो लोग समर्थक बनकर वहां गए हैं, उनके खिलाफ भी केस दर्ज होना चाहिए।

### सुसाइड नोट में कई चौकाने वाली बातें

- संदीप ने वीडियो में कहा, अफसर नरेंद्र बिजारणिया ने हमेशा ईमानदारी के साथ काम किया। पूरन का गनमैन सुशील पैसे मांगता था।
- मैं सच्चाई बता रहा हूं। जब इनके खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत दी गई तो उसी के डर के चलते पूरन कुमार ने आत्महत्या कर ली।
- हमने सुशील गनमैन को पकड़ा तो उसने बताया कि उसने एक जगह से और पैसे लिए हैं, जो उसकी गाड़ी के डैश बोर्ड में रह गए हैं।
- मैं भ्रष्टाचारी नहीं हूं, भगत सिंह का फैन हूं, लेकिन आज जनता को जगाने के लिए यह जरूरी हो गया है। मैं सच्चाई की लड़ाई लड़ रहा हूं।
- डीजीपी ईमानदार व्यक्ति है। आईएएस लॉबी चाहती है कि वे चले जाएं व वे मलाई खाएं। ये देश का नाश कर रहे हैं, जाति का जहर घोल रहे हैं।
- कई अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। महिला अफसरों को भी ऑफिस में बुलाकर ट्रांसफर के नाम पर परेशान किया जाता है।

### सीएम ने 15 अगस्त को किया था सम्मानित

इस बार 15 अगस्त को रोहतक में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एएसआई संदीप कुमार को सम्मानित किया था। अब उनकी आत्महत्या की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में मातम छा गया। परिजनों ने निष्पक्ष जांच की मांग की है।



आईपीएस सुसाइड

# 8वें दिन भी पोस्टमार्टम नहीं सीएम ने बैठक में किया मंथन

## पोस्टमॉर्टम होने तक सरकार परिवार से नहीं करेगी बात

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

आईपीएस वाई पूरन कुमार के शव का आठवें दिन भी पोस्टमॉर्टम नहीं हो पाया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मंगलवार शाम को चंडीगढ़ में सीएम आवास पर विधायकों और मंत्रियों के साथ बैठक की। सूत्रों के मुताबिक डीजीपी को छुट्टी भेजने और रोहतक एसपी को हटाने के बाद सरकार अब आईपीएस के परिवार से बातचीत के मूड में नहीं है। बैठक में संकेत दिया गया कि पोस्टमॉर्टम के बाद ही परिवार से कोई बात की जाएगी। मुख्यमंत्री की मंत्रियों के साथ करीब डेढ़ घंटे तक बैठक की। इसमें पूरन कुमार मामले पर मंथन हुआ। वहीं, दूसरी ओर पूरन कुमार के मामले में बनी 31 मेंबरी कमेटी का विस्तार किया गया है। अब कमेटी में 20 मेंबर और जोड़े गए हैं, जिसके बाद इनकी संख्या 51 हो गई है। कमेटी के लीगल एडवाइजर ओपी इंदल ने बताया हमारा अल्टीमेटम खत्म हो गया है, लेकिन फिर भी हमारी सरकार मांग नहीं मान रही है। अब आगे की रणनीति पर काम किया जाएगा।

### शत्रुजीत छुट्टी पर भेजे, ओपी सिंह नए कार्यकारी डीजीपी

इससे पहले सोमवार देर रात डीजीपी पद से शत्रुजीत कपूर को छुट्टी पर भेज दिया है। उनकी जगह 1991 बैच के आईपीएस ओमप्रकाश (ओपी) सिंह को कार्यकारी डीजीपी बनाया गया है। सिंह की इसी साल 31 दिसंबर को रिटायरमेंट है। ओपी सिंह मूलरूप से बिहार के जमुई जिले के रहने वाले हैं।





- चंडीगढ़ पुलिस ने नोटिस भेज आईपीएस का लेपटॉप मांगा
- 15 तक पोस्टमार्टम को लेकर परिवार को देना होगा जवाब
- दो दिन से सरकार का कोई भी मंत्री नहीं जा रहा बातचीत के लिए

### हरियाणा में अलर्ट, पुलिस व प्रशासन को सख्त निगरानी रखने का निर्देश

पूरन कुमार के आत्महत्या मामले को लेकर पूरे राज्य में तनाव और अलर्ट का माहौल है। जगह-जगह हो रहे विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए, हरियाणा सरकार ने पुलिस और प्रशासन को सख्त निगरानी रखने और शांति बनाए रखने का निर्देश दिया है। सरकार ने सभी बड़े अधिकारियों (कमिश्नर, डीसी, एसपी) को पत्र लिखकर कहा है कि वे क्षेत्रिय नेताओं के साथ मिलकर काम करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी अप्रिय घटना न हो। उन्हें एक्टिव रूप से कदम उठाने के लिए तैयार रहना चाहिए। सरकार द्वारा भेजे गए आदेश में कहा गया है, हालिया घटनाओं के संदर्भ में, सभी जिलों और संभागों में कड़ी निगरानी रखने और सांप्रदायिक सद्भाव सुनिश्चित करने की तत्काल आवश्यकता है।

### पोस्टमार्टम को लेकर पुलिस पहुंची कोर्ट

चंडीगढ़ पुलिस पूरन कुमार के शव की पहचान और पोस्टमॉर्टम को लेकर कोर्ट पहुंच गई है। कोर्ट ने परिवार को नोटिस जारी कर कहा है कि अमनीत कुमार को यह जवाब खुद या अपने वकील के माध्यम से 15 अक्टूबर को देना होगा। यदि वे जवाब दाखिल नहीं करती हैं तो आवेदन पर मेरिट के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

### आरोपियों को गिरफ्तार करें परिवार पर दबाव न बनाएं



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मंगलवार सुबह चंडीगढ़ पहुंचे। वे दिवंगत आईपीएस पूरन के परिवार से मिले। इस दौरान उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार परिवार पर दबाव न बनाए। हरियाणा सरकार अफसरों को गिरफ्तार करे और दिवंगत आईपीएस का अपमान न करे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी एक्शन लेने की अपील की। वहीं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान भी आईपीएस को श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

### पीएम मोदी के बाद राष्ट्रपति मुर्मू का अंबाला दौरा रद्द



अंबाला में प्रस्तावित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का दौरा स्थगित हो गया है। राष्ट्रपति 18 अक्टूबर को अंबाला में एयरफोर्स के कार्यक्रम में आने वाली थीं, लेकिन अब कार्यक्रम की नई तारीख तय की जाएगी। एयरफोर्स के पीआरओ ने इसकी पुष्टि की है। दौरे के स्थगित होने की वजह अभी सामने नहीं आई है। उधर, इससे पहले 17 अक्टूबर को सोनीपत में होने वाली प्रधानमंत्री की रैली भी स्थगित कर दी गई थी।

## खबर संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में 2 आतंकी मार गिराए

**कुपवाड़ा (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में मंगलवार सुबह सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया। 13 अक्टूबर की शाम 7 बजे से भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास कुंबकडी के जंगल में यह ऑपरेशन जारी है। आतंकियों ने यहां से घुसपैठ की कोशिश की थी, जिसे सुरक्षाबलों ने नाकाम किया है। इससे पहले 8 सितंबर को सेना ने कश्मीर के कुलगाम में मुठभेड़ के दौरान 2 आतंकियों को मार गिराया था। गुड्डर के जंगलों में आतंकवादियों से मुठभेड़ हुई थी। *एजेंसी*

**डीएनए टेस्ट से होगी शवों की पहचान**

### राजस्थान में एसी बस में आग, 20 यात्री जिंदा जले

**जैसलमेर (एजेंसी)।** राजस्थान के जैसलमेर में जैसलमेर-जोधपुर हाईवे पर मंगलवार दोपहर 3.30 बजे चलती एसी स्लीपर बस में आग लग गई। 20 यात्रियों की जिंदा जलने से मौत हो गई। मरने वालों में दो लोगों की पहचान हो गई। इनमें एक स्थानीय पत्रकार राजेंद्र सिंह चौहान और 79 साल के हुसैन खां है। हादसे में 2 बच्चों, 4 महिलाओं समेत 15 लोग झुलस गए। झुलसे यात्रियों को जैसलमेर के जवाहिर हॉस्पिटल लेकर गए, जहां से सभी को जोधपुर रेफर कर दिया। अधिकांश यात्री 70 प्रतिशत तक झुलसे हैं। बस में 57 लोग सवार थे। हादसे में मरने वालों की पहचान डीएनए टेस्ट से होगी।



15 झुलसे, बचने के लिए चलती गाड़ी से कूदे

**गुरुग्राम में ट्रेनिंग सेंटर का शिलान्यास**

### एनएसजी को छह जोन में बांटा जाएगा : अमित शाह

**गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एनएसजी में बड़े बदलाव की घोषणा करते हुए कहा कि एनएसजी को 6 जोन में बांटा जाएगा, इसका हेड क्वार्टर मानेसर ही रहेगा। उन्होंने गुरुग्राम में ब्लैक कैट स्पेशल ऑपरेशंस ट्रेनिंग सेंटर का भी शिलान्यास किया। इस सेंटर में एनएसजी के साथ राज्य पुलिस को भी विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी। अमित शाह मंगलवार को एनएसजी के 41वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। उन्होंने अयोध्या में एनएसजी का नया सेंटर बनाने का भी ऐलान किया। उन्होंने कहा कि एनएसजी ने कई राष्ट्रीय संकटों से सफलतापूर्वक विजय प्राप्त की है। पूरे देश को एनएसजी पर गर्व है।



अयोध्या में नया एनएसजी सेंटर बनाया जाएगा

**तमिलनाडु शराब घोटाला**

### सुप्रीम कोर्ट ने ईडी के छापों पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को तमिलनाडु में शराब दुकान के लाइसेंस से जुड़े तमिलनाडु स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी पर सवाल उठाए। कोर्ट ने ईडी से सवाल किया कि क्या आप राज्य पुलिस की शक्तियों में दखल नहीं दे रहे हैं? सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस विनोद चंद्रन की बेंच ने पूछा कि क्या राज्य पुलिस इस घोटाले की जांच नहीं कर सकती है, क्या ईडी का दखल जरूरी है? इससे संघीय ढांचे पर क्या असर होगा? ईडी ने मार्च में तमिलनाडु स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड के चेन्नई स्थित मुख्यालय पर 1,000 करोड़ के घोटाले में छापेमारी की थी।



क्या एजेंसी राज्य की शक्तियों में दखल नहीं दे रही

**एक्यूआई 200 के पार पहुंचा**

### दिल्ली की हवा हुई जहरीली ग्रैप-वन की पाबंदियां लागू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की हवा फिर से जहरीली हो गई है। मंगलवार को शहर का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 211 दर्ज किया गया, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की उप-समिति ने तुरंत ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) के पहले चरण को लागू करने का फैसला किया है। लोगों से अपील की गई है कि वे पब्लिक ट्रांसपोर्ट का ज्यादा इस्तेमाल करें। इसके साथ ही हरियाणा के बहादुरगढ़ में भी ग्रैप -1 की पाबंधियां लागू कर दी गई हैं। 15 साल पुराने वाहनों पर रोक रहेगी। कचरा, पत्तों और अन्य अपशिष्ट सामग्री का खुला जलाना प्रतिबंधित रहेगा। डीजल जेनरेटरों का उपयोग सीमित किया गया है।



15 साल पुराने वाहन, डीजल जेनरेटर, कूड़ा जलाने पर बैन

**विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दी सख्त चेतावनी**

# भारत में बने तीन सिरप में जहरीले रसायन की 'पुष्टि'

**अगर ये सिरप किसी भी देश में मिलते हैं तो इसकी जानकारी तुरंत डब्ल्यूएचओ को दें**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत में बनी तीन मिलावटी दवाओं की पहचान की है, जिनमें सबसे ज्यादा चर्चा में रही कोल्ड्रिफ कफ सिरप। यह सिरप भारत के तमिलनाडु राज्य में स्थित श्रीसन फार्मास्युटिकल्स नामक कंपनी द्वारा बनाई गई थी। डब्ल्यूएचओ की जांच में पाया गया कि कोल्ड्रिफ सिरप में एक जहरीला रसायन डायथिलीन ग्लाइकोल (डीईजी) बहुत अधिक मात्रा में मिला है। कोल्ड्रिफ सिरप से मध्य प्रदेश में सितंबर से अब तक 5 साल से कम उम्र के 25 बच्चों की मौत हो चुकी है। कोल्ड्रिफ के अलावा दो और सिरप भी डब्ल्यूएचओ की चेतावनी में शामिल हैं। पहली रेडनेक्स फार्मास्युटिकल्स की रेस्पिफ्रेश टीआर और दूसरी शेप फार्मा की रीलाइफ। डब्ल्यूएचओ ने सभी देशों से अपील की है कि अगर ये सिरप किसी भी देश में मिलते हैं तो इसकी जानकारी तुरंत डब्ल्यूएचओ को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि यह घटना देश की दवा कंपनियों की निगरानी प्रणाली में बड़ी खामी को उजागर करती है।




कोल्ड्रिफ सिरप से मध्य प्रदेश में सितंबर से अब तक 5 साल से कम उम्र के 25 बच्चों की हो चुकी मौत

**विशाखापत्तनम में 1 गीगावाट क्षमता वाला अत्याधुनिक आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस डेटा सेंटर बनेगा**


# गूगल और अडाणी ने की 15 अरब डॉलर की साझेदारी, सबसे बड़ा 'एआई डेटा हब' बनाएंगे

**भारत बनेगा एआई सुपर पावर**

एजेंसी ▸▸ विशाखापत्तनम

अमेरिकी टेक दिग्गज गूगल ने अगले पांच सालों में आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में एक अत्याधुनिक आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) सेंटर स्थापित करने की घोषणा की है। कंपनी इस प्रोजेक्ट में 15 अरब डॉलर (लगभग 1.25 लाख करोड़ रु.) का निवेश करेगी। इस मेगा प्रोजेक्ट में अडाणी ग्रुप के साथ साझेदारी में देश का सबसे बड़ा डेटा सेंटर भी शामिल होगा। गूगल के मुताबिक इसमें 1 गीगावाट क्षमता वाला डेटा सेंटर कैंपस, नए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत, और एक विस्तारित फाइबर-ऑप्टिक नेटवर्क जैसी आधुनिक सुविधाएं शामिल की जाएंगी। कंपनी के एक इवेंट में गूगल क्लाउड के सीईओ थॉमस कुरियन ने कहा कि यह अमेरिका के बाहर सबसे बड़ा एआई केंद्र होगा, जिसमें हम निवेश करने जा रहे हैं। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। गूगल और अडाणी ग्रुप के बीच इस परियोजना को लेकर औपचारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह घोषणा नई दिल्ली में आयोजित 'भारत एआई शक्ति' नामक कार्यक्रम के दौरान हुई। कार्यक्रम में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू भी शामिल थे।

**गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा-यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि**



### पीएम मोदी ने कहा- विकसित भारत के सपने को मिलेगी रफ्तार



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एआई हब की शुरुआत पर प्रसन्नता व्यक्त की है। गीगावाट-स्केल डेटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर सहित यह बहुआयामी निवेश केंद्र सरकार के विकसित भारत के सपने के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा कि यह डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर हमारे 'इंडिया एआई मिशन' के लक्ष्यों को पूरा करने में बहुत आगे तक जाएगा।








## बिहार चुनावः भाजपा की 71 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी, कई नए चेहरों को भी मौका

# 2 उपमुख्यमंत्री, 13 मंत्री मैदान में उतारे व विस अध्यक्ष समेत 10 के टिकट कटे

### 46 को दोबारा मौका, सूची में नौ महिलाओं के नाम शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने मंगलवार को 71 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इसमें दोनों उपमुख्यमंत्रियों सम्राट चौधरी को तारापुर से और विजय सिन्हा को लखीसराय से टिकट दिया गया है। वहीं विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव का टिकट काटा गया है। इस सूची में 13 मंत्रियों के भी नाम हैं।

71 सीटों पर पार्टी के 56 विधायक थे। इनमें से 46 को दोबारा मौका दिया है और 10 के टिकट कटे हैं। सूची में नौ महिला उम्मीदवार भी शामिल हैं। पार्टी ने कई दिग्गज नेताओं की टिकट काट दी है और कई नए चेहरों को भी मौका दिया गया है। इनमें मौजूदा मंत्री रेणु देवी का भी नाम है, जो बेतिया विधानसभा क्षेत्र से फिर से चुनाव लड़ेंगी। वर्तमान विधायक एवं अर्जुन पुरस्कार विजेता श्रेयसी सिंह एक और कार्यकाल के लिए जमुई सीट से चुनाव लड़ेंगी। मौजूदा मंत्री मंगल पांडे सीवान से, नितिन नबीन बांकीपुर से, नीतीश मिश्रा झंझारपुर से, कृष्ण कुमार मंटू अमनौर से और प्रेम कुमार गया टाउन से चुनाव लड़ेंगे।



### टिकट न मिलने पर हंगामा

वहीं, औराई से विधायक व पूर्व मंत्री रामसूरत राय के समर्थकों ने टिकट नहीं मिलने पर प्रदेश मुख्यालय में हंगामा किया। साथ ही भाजपा में सोमवार को शामिल हुए पूर्व मुख्य आयकर आयुक्त सुजीत कुमार सिंह को दरभंगा जिले की गौड़ाबौरम सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। इस सीट से उनकी पत्नी स्वर्णा सिंह मौजूदा विधायक हैं।

### 'हम' ने छह की घोषणा की

पटना (भाषा)। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपने छह उम्मीदवारों की घोषणा की। पार्टी को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के तहत विधानसभा की छह सीट मिली है। मांझी ने 'एक्स' के अपने आधिकारिक हैंडल पर उम्मीदवारों की सूची साझा की।

### नाराज मांझी व कुशवाहा को मनाने की कोशिश, 1-1 सीट और देने की तैयारी

एनडीए में हुए सीट बंटवारे से नाराज चल रहे जीतनराम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा को भाजपा मनाने की कोशिश कर रही है। बताया जा रहा कम सीटें मिलने के कारण नाराजगी जता रहे हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा प्रमुख जीतनराम मांझी और राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा को भाजपा ने एक-एक सीट ज्यादा देने की तैयारी कर ली है। इन्हें अब 7-7 सीटें मिल सकती हैं।

### मैथिली ठाकुर भाजपा में शामिल

पटना (भाषा)। प्रसिद्ध लोक गायिका मैथिली ठाकुर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गईं। पटना में भाजपा मीडिया सेंटर में आयोजित मिलन समारोह में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने उन्हें सदस्यता ग्रहण कराई। राजद के विधायक भरत बिंद भी भाजपा में शामिल हुए। जायसवाल ने कहा कि आने वाले दिनों में विपक्षी महागठबंधन के कई अन्य नेता भी भाजपा में शामिल होंगे।

### नीतीश आवास के बाहर जदयू विधायक मंडल का धरना, टिकट के लिए अड़े

पटना (भाषा)। विधानसभा चुनावों से पहले जनता दल यूनाइटेड (जद(यू)) के विधायक गोपाल मंडल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सरकारी आवास के बाहर टिकट की मांग को लेकर धरना दे दिया। भागलपुर जिले की गोपालपुर विधानसभा सीट से लगातार चार बार के विधायक मंडल ने पांचवीं बार चुनाव लड़ने के लिए पार्टी का टिकट मांगा है। वह दोपहर में अपने समर्थकों के साथ एक, अणे मार्ग, स्थित मुख्यमंत्री आवास के सामने पहुंचे और नारेबाजी करने लगे।

### सांसद मंडल ने नीतीश कुमार को लिखा पत्र, इस्तीफे की चेतावनी

जद(यू)) में उम्मीदवार चयन को लेकर चल रहे विवाद के बीच पार्टी सांसद अजय कुमार मंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश को पत्र लिखकर नाराजगी जताई है। मंडल ने टिकट बंटवारे में मनमानी का आरोप लगाते हुए सांसद पद से इस्तीफा देने की चेतावनी दी है व सीएम से त्यागपत्र देने की अनुमति मांगी है। भागलपुर के सांसद अजय मंडल ने पत्र में लिखा है कि टिकट वितरण की प्रक्रिया में स्थानीय सांसद होने के बावजूद उनसे सलाह नहीं ली जा रही है। जिन्होंने कभी संगठन के लिए कार्य नहीं किया, उन्हें टिकट देने की बात सामने आ रही, जबकि जिला अध्यक्ष व स्थानीय नेतृत्व की राय को पूरी तरह अनदेखा किया जा रहा है।"

## सीट बंटवारे पर गठबंधन में रार

# कांग्रेस ने किया सभी सीटों पर लड़ने का ऐलान, तेजस्वी ने वापस ले लिए बांटे सिंबल

पटना। चुनाव से ठीक पहले विपक्षी महागठबंधन के भीतर सीट शेयरिंग को लेकर मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। कांग्रेस ने अब आरजेडी पर दबाव बनाते हुए अपने नेताओं से राज्य की सभी 243 सीटों पर संभावित उम्मीदवारों की सूची तैयार करने को कहा है। साफ है कि पार्टी इस बार किसी भी तरह के समझौते के मूड में नहीं है, और वह सीटों की क्वालिटी पर समझौता नहीं करना चाहती, बल्कि उन सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है जहां उसका संगठन मजबूत है।



### खरगे आवास पर बैठक

सोमवार देर रात दिल्ली स्थित कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर बिहार कांग्रेस नेताओं की एक अहम बैठक हुई। इस बैठक में शकील अहमद, राजेश राम, कृष्णा अल्लावरू, नासिर हुसैन और केसी वेणुगोपाल जैसे कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। सीट शेयरिंग पर किसी भी समय हाईकमान की समीक्षा बैठक बुलाई जा सके।

### लालू ने चिन्ह वितरित किए और तेजस्वी ने वापस लिए

सोमवार शाम को लालू यादव ने टिकट के कई दावेदारों को स्वयं चुनाव लड़ने के लिए सिंबल (चुनाव चिह्न) वितरित कर दिए। इससे लगा कि आरजेडी ने एकतरफा फैसला ले लिया है। दिल्ली से तेजस्वी ने पटना लौटते ही स्थिति नाटकीय रूप से बदल गई। तेजस्वी के निर्देश पर, सिंबल पा चुके नेताओं को तुरंत राबड़ी आवास पर बुलाया गया। उन्हें चुनाव चिह्न वापस ले लिए गए।

### भाकपा-माले ने 18 उम्मीदवारों की सूची जारी की


### सुशांत सिंह की बहन दिव्या गौतम को टिकट



महागठबंधन में शामिल भाकपा-माले ने पहली लिस्ट जारी कर दी है। पहली लिस्ट में 18 उम्मीदवारों के नाम हैं। इसकी विशेष बात यह है कि दीघा से सुशांत सिंह राजपूत की ममेरी बहन दिव्या गौतम को टिकट दिया है।

## जुबीन मौत मामलाः सीआईडी ने 2 और लोगों से पूछताछ की

**गुवाहाटी।** असम के दिग्गज गायक जुबीन गर्ग की मौत के बाद असम पुलिस की क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट लगातार इस केस की परतें खोलने में जुटी है। मंगलवार को सिंगापुर से दो और असमिया प्रवासी नागरिक- अभिमन्यु तलुकदार और तनमय फुकन, गुवाहाटी में सीआईडी मुख्यालय पहुंचे और बयान दर्ज कराए। ये दोनों असम एसोसिएशन सिंगापुर के प्रमुख पदाधिकारी हैं।



### कई हस्तियों ने एसआईटी का आमंत्रण ठुकराया

गायक जुबिन गर्ग की मौत की जांच पर ताजा जानकारी साझा करने के लिए असम पुलिस के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) द्वारा मंगलवार को आयोजित बैठक में आमंत्रित कई प्रमुख हस्तियों ने इसमें शामिल होने से इनकार कर दिया है। आमंत्रित व्यक्तियों की सूची में अधिकतर पत्रकार और लेखक शामिल हैं। वहीं सिंगापुर ने मौत की जांच के लिए जांचकर्ताओं के नाम मांगे हैं।

## धमकी भरे फोन पर प्रियांक हमलावर

# जब संघ ने गांधी को नहीं छोड़ा तो मुझे क्या छोड़ेंगे?

**बेंगलुरु(एजेंसी)।** कर्नाटक में सरकारी जगहों पर आरएसएस की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने की मांग करने वाले कांग्रेस नेता और राज्य सरकार में मंत्री प्रियांक खरगे ने आरएसएस पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में बताया है कि पिछले दो दिनों से उन्हें लगातार धमकी भरे फोन आ रहे हैं। मुझे और मेरे परिवार को धमकियों, डराने-धमकाने और सबसे गंदी गालियों से भरे फोन आ रहे हैं, सिर्फ इसलिए क्योंकि मैंने सरकारी स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक संस्थानों में संघ की गतिविधियों पर सवाल उठाने और उन्हें रोकने की हिम्मत की थी। लेकिन मैं न तो विचलित हूं और न ही हैरान। उन्होंने लिखा, जब संघ ने महात्मा गांधी या बाबासाहेब आंबेडकर को नहीं छोड़ा, तो मुझे क्यों छोड़ेंगे?



## वोट चोरी के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान दिल्ली कांग्रेस प्रमुख, 55 अन्य को हिरासत में लिया गया

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव और पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं को कथित वोट चोरी के खिलाफ दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के नजफगढ़ इलाके में प्रदर्शन करते समय हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने बताया कि यादव समेत 56 लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ₹वे प्रदर्शन कर रहे थे और इलाके के जवाहर चौक की ओर बढ़ रहे थे। हमने उन्हें हिरासत में लिया है क्योंकि उनके पास प्रदर्शन की अनुमति नहीं थी। उन्हें नजफगढ़ थाने ले जाया गया।₹ कांग्रेस ने कहा, ₹हम वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठाते रहेंगे। सात अगस्त को, राहुल गांधी ने भाजपा और निर्वाचन आयोग के बीच ₹मिलीभगत₹ से चुनावों में ₹बड़े पैमाने पर आपराधिक धोखाधड़ी₹ होने का दावा किया था। उन्होंने पिछले साल कर्नाटक के एक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता सूची के विश्लेषण का हवाला दिया था।

## दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से गैंगरेप का मामला

# आरोपियों को मौके पर ले गई पुलिस

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

*श्मशान घाट से सटे जंगल में आरोपियों को ले जाया गया, मेडिकल छात्रा का सहपाठी भी गिरफ्तार, अब तक 6 पुलिस गिरफ्तार*

पश्चिम बंगाल पुलिस दुर्गापुर में एक मेडिकल छात्रा से गैंगरेप के मामले में पुलिस घटना के तार जोड़ने के लिए गिरफ्तार किए गए 5 आरोपियों को घटनास्थल पर लेकर पहुंची है। गिरफ्तार किए गए लोगों को परानागंज काली बाड़ी श्मशान घाट से सटे जंगल में स्थित अपराध स्थल पर लाया गया है जो निजी मेडिकल कॉलेज के गेट के पास है। चूंकि अपराध का नाट्य रूपांतरण जांच का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। छात्रा के दोस्त को पुलिस ने मंगलवार शाम गिरफ्तार कर लिया, अब तक केस में कुल छह गिरफ्तार हैं।

### हाई कोर्ट में 2 याचिकाएं दायर

दुर्गापुर में आदिवासी मेडिकल छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में मंगलवार को कलकत्ता हाई कोर्ट में दो समानांतर याचिकाएं दायर की गई हैं।एक ओर, भाजपा की बंगाल इकाई ने 19 अक्टूबर तक निजी मेडिकल कालेज के पास अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखने के लिए एक याचिका दायर की है। निजी मेडिकल कालेज के प्रबंधन ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है और कालेज परिसर के सामने लोगों की भीड़ को हटाने की मांग की है, क्योंकि वहां परीक्षाएं चल रही हैं।




| MODEL | 125 CF | NS 125 | N160 |
|---|---|---|---|
| 100% GST लाभ | ₹7 801/-* | ₹9 150/-* | ₹11 424/-* |
| PF + इंश्योरेन्स सेविंग्स | ₹2 800/-* | ₹3 300/-* | ₹4 200/-* |
| हैट-ट्रिक सेविंग्स | ₹10 601/-* | ₹12 450/-* | ₹15 624/-* |

10 YEAR WARRANTY
BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE
72198 21111
HDFC BANK | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. हैट-ट्रिक सेविंग्स 22 सितंबर 2025 से मान्य. कुल सेविंग्स में शामिल है 100% GST लाभ, (एक्स शोरूम कीमत और लागू होने वाले RTO टैक्स पर), शून्य प्रोसेसिंग फी, और 1 साल का ओन डैमेज इंश्योरेन्स. शून्य PF और OD पर सेविंग्स फ़ायनान्सर/ इंश्योरेन्स-कर्ता पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. 5 वर्ष की स्टैण्डर्ड वॉरंटी + 5 वर्ष की विस्तारित वॉरंटी @ ₹999/-. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, नियंत्रित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Gohana:** Mahadev BAJAJ 8222949408 • **Panipat:** SUVIDHA BAJAJ 9812058111, 9812500103 • **Kaithal:** Shikha BAJAJ 9812392111/9812397111• **Assandh:** BALHARA BAJAJ 8059940113, 8059940114 • **Rohtak:** ANSH BAJAJ 9254211102 • **Jhajjar:** ANSH BAJAJ 7015152566: ANSH BAJAJ 9254211104 • **Bahadurgarh:** BABA BAJAJ 9215455501/03 • **Faridabad: NIT,Railway Road**:- GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209 **Old Faridabad Chowk 80764 05186; Bata Chowk 9873660066 ,Neharpar/ Kheri 9958273030, Pyali Chowk/Dabua - 99582 82112 • Gurgaon: JSB Bajaj :New Rly. Road: 7827786356; Sector 14 : 8882212365; Chakarpur: 8860099986; Manesar 7827786362: Pataudi 7827786354; Khandsa Road: 9355979205, Islampur : 9355979216; Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153; Badshahpur: 9218039152; Wazirabad: 9355908530; Sec 18: 8860099943; Rewari: JSB Bajaj: Rewari - Delhi Rd 8295823621/9024761376 Nuh: Near bus Stand : Vidya Bajaj: 9350961708, 9350963537, 9485900072 • Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153;. Ambala City:** GOYAL BAJAJ 9781111000• **Ambala Cantt:** Goyal Bajaj 9053016401 • **KARNAL: VEER BAJAJ 7419646451• KURUKSHETRA: VEER BAJAJ 7419646472• Pehowa:** RAJINDERA BAJAJ 9729670800• **Jagadhri:** KRISHNA BAJAJ 9812031611 • **Yamuna Nagar:** KRISHNA BAJAJ 9813445102 • **Panchkula:** PANCHKULA BAJAJ 9115520031, 0172 - 5064356. • **Hansi:** BALHARA BAJAJ: 9468244600, 9416265833 • **Sirsa:** RAJA BAJAJ 9996027379 • **Bhiwani:** SHREE SHYAM BAJAJ 9518801045 • **Charki Dadri:** BALHARA BAJAJ 7419977199, 9813201900 • **Fatehabad:** FATEHABAD BAJAJ 9017688012, 972869006 • Jind: BANSAL BAJAJ 9138215480 • **Narnaul:** RR BAJAJ 9466320249 • **Ballabgarh:** ARORA BAJAJ BALLABGARH: 7503000974/75 GAUNCHHI: 9069111729 VILL. TIGAON: 9873000517 •**Palwal: VIDYA BAJAJ 9416636037, 9485900036, 9315332830**.

## चिंतन

# आम आदमी के पहुंच से बाहर जा रही पीली धातू

दुनियाभर की महिलाओं को सोना बहुत प्रिय है। भारतीय महिलाओं के लिए तो सोना एक धातु मात्र न होकर धन, प्रतिष्ठा और सांस्कृतिक विरासत का प्रतिबिंब है। हालांकि नए चलन ने इसके विकल्प पेश किए हैं, फिर भी सोने का आकर्षण बरकरार है। सोना आकर्षण एक समृद्ध विरासत, निवेश मूल्य कऔर पीढ़ियों से दिलों को छूने वाली भावनाओं में गहराई से निहित है। सोने के आभूषण केवल सजावट से कहीं आगे जाते हैं। ये रीति-रिवाजों और मूल्यों का जीवंत प्रमाण हैं, जिन्होंने महिलाओं की पीढ़ियों को परिष्कृत किया है। सोने में चमकती हुई सतह के परे, सांस्कृतिक विरासतों से गहरा जुड़ाव, अतीत और वर्तमान के बीच एक ठोस कड़ी छिपी होती है। हर चमक और हर नाजुक विवरण में, सोने के आभूषण महिला की यात्रा का सार समेटे हुए होते हैं। सोने के आभूषण उपहार में देने और प्राप्त करने के पीछे एक भावनात्मक लगाव दिखाई देता है, जो स्थायी यादें और जुड़ाव बनाता है। यह भावनात्मक निवेश का भी प्रतीकात्मक पैमाना बन जाता है जहां प्रेम, उत्सव और महत्व की कहानियों का सार प्रत्येक आभूषण में अंकित होता है। प्रत्येक आभूषण प्रेम, उत्सव और गहन महत्व से भरी कहानियों का भार ढोने वाला बन जाता है, लेकिन अब सोना आम महिलाओं की पहुंच से दूर जा रहा है। सोने के दाम लगातार नई ऊंचाई छू रहे हैं। 14 अक्टूबर को पुष्य नक्षत्र के मौके पर सोने की कीमत सवा लाख के पार पहुंच गई है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 1,997 रुपये बढ़कर 1,26,152 रुपये हो गए हैं। इससे पहले सोमवार को ये 1,24,155 पर था। वहीं, चांदी की कीमत 2,775 बढ़कर 1,78,100 रुपये प्रति किलो के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। सोमवार को ये 1,75,325 रुपये पर थी। ऐसा माना जा रहा है कि देश में फेस्टिव सीजन, इंडस्ट्रियल डिमांड और ग्लोबल स्तर पर सप्लाई कम और मांग बढ़ने की वजह से चांदी की कीमत में लगातार बढ़त देखने को मिल रही है। केवल इसी साल पर ही नजर दौड़ाए तो सोने के दाम 49,990 रुपये बढ़े हैं। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपये का था, जो अब 1,26,152 रुपये हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 92,083 रुपये बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपये थी, जो अब 1,78,100 रुपये प्रति किलो हो गई है। माना जाता है कि दिवाली-धनतेरस पर सोना खरीदना शुभ माना जाता है। इसीलिए माना जा रहा है कि अगले कुछ दिन सोने के दाम नई छलांग लगाने वाले हैं। अब तक आई तेजी के पीछे का कारण यही है कि मिडिल ईस्ट में उथल-पुथल और ट्रेड वॉर की चिंताओं के कारण निवेशक सोना खरीद रहे हैं। अमेरिका की नीतियों को लेकर अनिश्चितता है। निवेशकों को लग रहा है कि ऐसे समय में शेयर बाजार में निवेश परेशानी का कारण बन सकता है। इसीलिए वे सुरक्षित निवेश कहे जाने वाले सोने पर पैसा लगा रहे हैं। उत्पादन कम और खरीदार ज्यादा होने के कारण ही सोने के दाम लगातार नई इबारत लिख रहे हैं। रही सही कसर दुनियाभर के बैंकों ने पूरी कर दी है। बड़े बैंक डॉलर पर निर्भरता कम करना चाहते हैं। इसलिए वे अपने खजाने में सोने का हिस्सा लगातार बढ़ाते जा रहे हैं। ये भी एक कारण है कि केवल इसी साल में ही सोने के दाम 60 प्रतिशत के आसपास तक बढ़ चुके हैं। कारण जो भी हो, सच यही है कि सोना आम आदमी के पहुंच से बहुत दूर जा चुका है। अगर हालात यही रहे तो महिलाओं में भी इस पीली धातु के प्रति आकर्षण कम होना तय है।



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# मुक्त व्यापार समझौतों का नया परिदृश्य

> ट्रंप टैरिफ की चुनौतियों के बीच भारत के मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) से निर्यात और निवेश बढ़ने का अभूतपूर्व परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। मोदी सरकार के कार्यकाल के दौरान मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ऑस्ट्रेलिया के साथ किए गए एफटीए की प्रगति से संबंधित जो नए आंकड़े प्रकाशित हुए हैं, उनके मुताबिक जहाँ इन देशों के साथ व्यापार तेजी से बढ़ा है, वहीं इन देशों में निर्यात भी बढ़े हैं। तेजी से बढ़ते एफटीए भारत के निर्यात और निवेश के लिए मील का पत्थर साबित हो सकते हैं। भारत के द्वारा कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, इजराइल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य प्रमुख देशों के साथ भी एफटीए शीघ्र ही आकार लेते हुए दिखाई देंगे।

यकीनन यह सुकूनदेह है कि 14 अक्टूबर को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मिस्त्र में आयोजित वैश्विक नेताओं के शिखर सम्मेलन में कहा कि भारत एक महान देश है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके एक बहुत अच्छे दोस्त है और उन्होंने शानदार काम किया है। साथ ही उन्होंने भारत से अच्छे कारोबार संबंधों का संकेत दिया। इसी परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए भारत के अधिकारियों का एक उच्च स्तरीय दल वाणिज्य सचिव की अगुआई में अमेरिका जाएगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि अमेरिका के द्वारा चीन पर एक नवंबर से लागू किए जाने वाले अतिरिक्त 100 फीसदी टैरिफ से भारत से अमेरिका को निर्यात की नई संभावनाएं भी उभरकर दिखाई दे रही हैं। गौरतलब है कि इस समय ट्रंप टैरिफ की चुनौतियों के बीच भारत के मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) से निर्यात और निवेश बढ़ने का अभूतपूर्व परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। मोदी सरकार के कार्यकाल के दौरान मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ऑस्ट्रेलिया के साथ किए गए एफटीए की प्रगति से संबंधित जो नए आंकड़ें प्रकाशित हुए हैं, उनके मुताबिक जहाँ इन देशों के साथ व्यापार तेजी से बढ़ा है, वहीं इन देशों में निर्यात भी बढ़े हैं।

हाल ही में भारत दौरे पर आए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीएर स्टार्मर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ विगत 24 जुलाई को भारत और ब्रिटेन (यूके) के बीच एफटीए के विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण रणनीतिक विचार मंथन किया है। स्टार्मर ने कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच एफटीए से मिलने वाले अवसर बेजोड़ होंगे। भारत के साथ एफटीए आर्थिक वृद्धि का लांचपैड है। भारत 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। गौरतलब है कि भारत में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एफटीए को मंजूरी दे दी है, अब ब्रिटेन द्वारा संसद की मंजूरी ली जाएगी। इसी तरह भारत और ओमान के बीच एफटीए को लेकर बातचीत पूरी हो चुकी है और जल्द ही दोनों के बीच शीघ्र ही एफटीए पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। वर्ष 2025 के अंत तक यूरोपीय यूनियन के साथ एफटीए लागू होने की पूरी संभावना है। उल्लेखनीय है कि एक अक्टूबर से भारत और चार यूरोपीय देशों आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टाइन के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के बीच एफटीए लागू हो गया है। इस व्यापार समझौते पर 10 मार्च, 2024 को हस्ताक्षर किए थे, लेकिन प्रक्रिया संबंधी औपचारिकताओं के कारण यह समझौता अब लागू हुआ है। वस्तुतः मुक्त व्यापार समझौता दो या दो से अधिक देशों के बीच एक ऐसी व्यवस्था है, जहां वे साझेदार देशों से व्यापार की जाने वाली वस्तुओं पर सीमा शुल्क को खत्म कर देते हैं या कम करने पर सहमत होते हैं। भारत और एफ्टा देशों के बीच लागू हुआ यह व्यापार समझौता यूरोप के एक महत्वपूर्ण आर्थिक ब्लॉक के साथ भारत के विदेश व्यापार को नई दिशाएं देगा। इस समझौते के तहत भारत ने एफ्टा देशों की 80-85 प्रतिशत वस्तुओं पर शुल्क शून्य किया है। इसके बदले में भारत को 99 प्रतिशत वस्तुओं पर शुल्क-मुक्त बाजार पहुंच मिलेगी। जहां कृषि, डेयरी, सोया व कोयला सेक्टर को इस व्यापार



समझौते से दूर रखा गया है, वहीं प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम से जुड़े सेक्टर के लिए भी भारतीय बाजार को नहीं खोला गया है। यह भी महत्वपूर्ण है कि ग्रीन व विंड एनर्जी, फार्मा, फूड प्रोसेसिंग, केमिकल्स के साथ उच्च गुणवत्ता वाली मशीनरी के क्षेत्र में एफ्टा देश भारत में निवेश करेंगे जिससे इन सेक्टर में हमारा आयात भी कम होगा और भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने में मदद मिलेगी। निसंदेह भारत के हिसाब से इस व्यापार समझौते का सबसे बड़ा लाभ एफ्टा देशों से मिली निवेश प्रतिबद्धता है। अब यह समझौता लागू होने के बाद आगामी 10 वर्षों के भीतर एफ्टा देशों से भारत में 50 अरब डॉलर का निवेश और अगले 5 वर्षों में अतिरिक्त 50 अरब डॉलर निवेश की उम्मीद है। इससे 15 वर्षों में भारत में 10 लाख प्रत्यक्ष नौकरियों के सृजन की आस है। यह भी महत्वपूर्ण है कि इस समझौते में 14 अध्याय हैं। इनमें वस्तुओं के व्यापार, उत्पत्ति के नियम, शोध एवं नवाचार, बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), सेवाओं का व्यापार, निवेश प्रोत्साहन और सहयोग, सरकारी खरीद, व्यापार में तकनीकी बाधाएं और व्यापार सुविधा शामिल है। यह भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है कि अमेरिका के द्वारा 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद भारत ने रूस और चीन के साथ आर्थिक-वैश्विक कूटनीति और नए निर्यात बाजारों में आगे बढ़ने की जो रणनीति अपनाई, वह कारगर दिखाई दे रही है। इस नीति से जहां ट्रंप के टैरिफ के बीच पिछले अगस्त और सितंबर माह में अमेरिका को छोड़कर अन्य देशों में भारत के निर्यात बढ़े हैं, वहीं पूरी दुनिया आश्चर्य के साथ देख रही है कि कल तक भारत को डेड इकॉनामी बताते हुए भारत पर सबसे ऊंचे टैरिफ लगाकर छठे दौर की व्यापार वार्ता को रोकने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अब अपना तेवर बदलते हुए भारत के साथ व्यापार समझौते को शीघ्र पूरा करने के संकेत दिए हैं। यह भारत की एक ऐसी आर्थिक-कूटनीतिक जीत है, जिससे प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया में भारत का कद बढ़ा दिया है। जिस ट्रंप के सामने बड़े-बड़े वैश्विक नेताओं की बोलती बंद हो जाती है, सार्वजनिक तौर पर ट्रंप को ना कहने के लिए वे हिम्मत नहीं जुटा पाते, ऐसे ट्रंप के सामने प्रधानमंत्री मोदी व्यापार समझौते की वार्ता के तहत अपने करोड़ों किसानों और मछुआरों के हितों के मद्देनजर बिना झुके अपनी शर्तों के साथ अडिग रहे और अब अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का अनुकूल परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। अब छठे दौर की वार्ता तेजी से आगे बढ़ेगी और जल्द ही इसके अनुकूल परिणाम आ जाएंगे। साथ ही 30 नवंबर के बाद भारत पर रूसी तेल खरीद पर लगाए गए अतिरिक्त टैरिफ को अमेरिका वापस लेते हुए दिखाई दे सकता है तथा अन्य टैरिफ में भी कमी आ सकती है। निश्चित रूप से अब एफटीए की डगर पर आगे बढ़ते समय यह ध्यान रखा जाना होगा कि एफटीए तभी लाभकारी होते है, जब वे सही तरीके से इस्तेमाल में लाए जाएं। अब निकट भविष्य में भारत कई देशों के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर करेगा, इस परिप्रेक्ष्य में सरकार के द्वारा निर्यातकों और छोटेफ व्यवसायियों को नए बाजारों के लाभों से संबंधित पर्याप्त जानकारी देकर नए मौकों का फायदा उठाने के लिए जागरूक बनाया जाना होगा। एफटीए के तहत निर्यात बढ़ाने के लिए उत्पादन की गुणवत्ता सुधारने और कारोबार की सुगमता के लिए अधिक प्रयास किए जाने होंगे। उम्मीद करें कि भारत के तेजी से बढ़ते हुए एफटीए भारत के निर्यात और निवेश के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। अब अमेरिका के अलावा भारत के द्वारा कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, इजराइल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य प्रमुख देशों के साथ भी एफटीए शीघ्र ही आकार लेते हुए दिखाई देंगे।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

जयंती विशेष
श्वेता गोयल



# मिसाइल मैन डा. कलाम ने दी सपनों को उड़ान

भारत के इतिहास में कुछ ही व्यक्तित्व ऐसे हुए हैं, जिन्होंने विज्ञान, शिक्षा, नेतृत्व और मानवीयता के हर क्षेत्र में अपने अमिट पदचिह्न छोड़े हों। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, जिन्हें 'मिसाइलमैन' और 'जनता के राष्ट्रपति' के रूप में जाना जाता है, उन विरल महान विभूतियों में से एक थे। उनका जीवन इस बात का उदाहरण है कि किस प्रकार सीमित साधनों से प्रारंभ हुआ एक व्यक्ति अपनी प्रतिभा, परिश्रम, ईमानदारी और दृष्टि से राष्ट्र का मार्गदर्शक बन सकता है। उनकी सादगी, मितव्ययिता, निष्ठा और कर्मशीलता ने न केवल वैज्ञानिकों और राजनेताओं को, बल्कि करोड़ों सामान्य भारतीयों को भी गहराई से प्रभावित किया। तमिलनाडु के रामेश्वरम में 15 अक्टूबर 1931 को एक साधारण नाविक परिवार में जन्मे अब्दुल कलाम बचपन से ही जिज्ञासु, परिश्रमी और आत्मविश्वासी थे। गरीबी और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने शिक्षा को अपने जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य बनाया। उन्होंने बचपन में समाचारपत्र बेचकर परिवार को सहारा दिया परंतु उनके मन में सदैव विज्ञान के प्रति गहरी रुचि थी। यह वही जिज्ञासु बालक था, जिसने समुद्र तट पर उड़ते पक्षियों को देखकर उड़ान का सपना देखा और वही सपना बाद में भारत की मिसाइल और अंतरिक्ष परियोजनाओं में वास्तविकता का रूप ले सका। मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी से एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद कलाम ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और बाद में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में कार्य किया। इसरो में उन्होंने सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल प्रोजेक्ट में प्रमुख भूमिका निभाई, जिसने भारत को 1980 में 'रोहिणी उपग्रह' के सफल प्रक्षेपण के साथ अंतरिक्ष शक्ति के रूप में स्थापित किया। बाद में डीआरडीओ में लौटकर उन्होंने 'इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम' की अगुवाई की, जिसके तहत पृथ्वी, त्रिशूल, आकाश, नाग और अग्नि जैसी मिसाइलें विकसित हुई। इस उपलब्धि ने उन्हें भारत का 'मिसाइलमैन' बना दिया। परमाणु शक्ति सम्पन्न भारत का सपना साकार करने में भी डॉ. कलाम की भूमिका अत्यंत निर्णायक रही। 1998 में पोखरण परमाणु परीक्षण के दौरान उन्होंने रणनीतिक और तकनीकी दोनों स्तरों पर देश का नेतृत्व किया। यह परीक्षण भारत की वैज्ञानिक क्षमता और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन गया। कलाम केवल मिसाइल या परमाणु शक्ति के प्रतीक नहीं थे, वे एक ऐसे वैज्ञानिक थे, जिन्होंने अपने कार्य को राष्ट्रनिर्माण का साधन बनाया। डा. कलाम विज्ञान को केवल प्रयोगशाला तक सीमित नहीं रखते थे बल्कि उसे समाज की बेहतरी और राष्ट्रीय चरित्र के निर्माण से जोड़ते थे। उनका मानना था कि विज्ञान केवल खोज का साधन नहीं, आत्मनिर्भरता और नैतिकता का आधार है। वे सदैव कहते थे कि भारत के युवाओं के पास अपार क्षमता है; बस उन्हें अपने सपनों को हकीकत में बदलने का साहस होना चाहिए। उनका प्रसिद्ध वाक्य 'सपना वह नहीं, जो आप सोते समय देखते हैं, सपना वह है, जो आपको सोने नहीं देता' आज भी हर युवा के हृदय में प्रेरणा जगाता है। वे युवाओं से कहते थे, 'अलग सोचने की हिम्मत रखो, आविष्कार करने की हिम्मत रखो, असंभव को संभव बनाने की हिम्मत रखो।' जब वे 2002 में भारत के 11वें राष्ट्रपति बने, तब पूरा देश गौरवान्वित हुआ क्योंकि यह पहली बार था, जब कोई वैज्ञानिक राष्ट्रपति पद तक पहुंचा। राष्ट्रपति बनने के बाद भी उनकी सादगी में कोई बदलाव नहीं आया। वे केवल दो सूटकेस लेकर राष्ट्रपति भवन पहुंचे, एक में उनके कपड़े और दूसरे में उनकी पुस्तकें। उन्होंने कभी विलासिता को जीवन का हिस्सा नहीं बनने दिया। अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने मात्र दो छुट्टियां ली, एक पिता के निधन पर और दूसरी माता के देहांत पर। उनका जीवन अनुशासन और आत्मसंयम की पराकाष्ठा था। डा. कलाम की बौद्धिक दृष्टि केवल विज्ञान तक सीमित नहीं थी। वे एक गहरे चिंतक, शिक्षाविद् और लेखक भी थे। उन्होंने 30 से अधिक पुस्तकें लिखीं। उन्होंने जिस शिक्षित, आत्मनिर्भर, नैतिक और वैज्ञानिक सोच वाले भारत का सपना देखा था, वह केवल तकनीकी उपलब्धियों से नहीं, मानवीयता के उन मूल्यों से बनेगा, जिन्हें उन्होंने अपने जीवन में जिया। आज भले ही भौतिक रूप से वे हमारे बीच नहीं हैं पर उनकी आत्मा आज भी हर युवा के सपनों में, हर वैज्ञानिक की प्रयोगशाला में, हर शिक्षक की कक्षा में और हर भारतीय के दिल में जीवित है। डा. कलाम केवल भारत के राष्ट्रपति या वैज्ञानिक नहीं थे बल्कि भारत की आत्मा के प्रतिनिधि थे, जिन्होंने हमें सिखाया कि ज्ञान, विनम्रता और मानवता जब एक साथ चलते हैं तो राष्ट्र अमर हो जाता है।

( लेखिका शिक्षण क्षेत्र में सक्रिय हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मन पतंग, श्वास डोर!



संकलित
दर्शन

केवल एक स्वस्थ कली ही खिल सकती है। उसी प्रकार केवल एक स्वस्थ व्यक्ति ही सफल हो सकता है। तो स्वस्थ होना क्या है? यदि आपके भीतर कड़ापन, बेचैनी या असंतोष है, तो आप स्वस्थ नहीं हैं। यदि मन अस्थिर और अशांत है, तो आप मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं हैं। यदि भावनाएं असंतुलित हैं, तो आप भावनात्मक रूप से स्वस्थ नहीं हैं। पूर्ण स्वास्थ्य की स्थिति प्राप्त करने के लिए मन को शांत, स्थिर और भावनाओं को कोमल रखना आवश्यक है। पूर्ण स्वास्थ्य हमारे भीतर से बाहर और बाहर से भीतर निरंतर प्रवाहित होना चाहिए। संस्कृत में स्व या आत्मा में स्थित होने को स्वास्थ्य कहते हैं। हमारे ग्रंथों में कहा गया है कि हमारा अस्तित्व के पांच कोश (परत) होते हैं। पहला है पर्यावरण, अर्थात हमारे चारों ओर का वायुमंडल- यह हमारा मूल आवरण है। दूसरा है भौतिक शरीर। तीसरा है प्राणमय कोश, अर्थात जीवन ऊर्जा। चौथा है मनोमय कोश, जिसमें विचार, भावनाएं और कल्पनाएं होती हैं। पांचवां है विज्ञानमय या अंतर्ज्ञानमय कोश, जिसमें सहज अनुभूति और गहरी समझ होती है- यह अत्यंत सूक्ष्म और प्रभावशाली है। जब कोई रोग उत्पन्न होता है, तो वह पहले विचार रूप में आता है, फिर ध्वनि रूप में, फिर प्रकाश रूप में आभामंडल में प्रकट होता है, और अंततः शरीर में दिखाई देता है।

## पांच मिनट का जीवन



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति को रास्ते में यमराज मिल गए वो व्यक्ति उन्हें पहचान नहीं सका। यमराज ने पीने के लिए व्यक्ति से पानी मांगा, बिना एक क्षण गंवाए उसने पानी पिला दिया। पानी पीने के बाद यमराज ने बताया कि वो उसके प्राण लेने आए हैं लेकिन चूंकि तुमने मेरी प्यास बुझाई है इसलिए मैं तुम्हें अपनी किस्मत बदलने का एक मौका देता हूं। यह कहकर यमराज ने एक डायरी देकर उस आदमी से कहा कि तुम्हारे पास 5 मिनट का समय है। इसमें तुम जो भी लिखोगे वही हो जाएगा लेकिन ध्यान रहे केवल 5 मिनट। उस व्यक्ति ने डायरी खोलकर देखा तो उसने देखा कि पहले पेज पर लिखा था कि उसके पड़ोसी की लॉटरी निकलने वाली है और वह करोड़पति बनने वाला है। उसने वहां लिख दिया कि उसके पड़ोसी की लॉटरी न निकले। अगले पेज पर लिखा था कि उसका एक दोस्त चुनाव जीतकर मंत्री बनने वाला है, तो उसने लिख दिया कि उसका दोस्त चुनाव हार जाए। इस तरह, वह पेज पलटता रहा और अंत में उसे अपना पेज दिखाई दिया। जैसे ही उसने कुछ लिखने के लिए अपना पेन उठाया यमराज ने उस व्यक्ति के हाथ से डायरी ले ली और कहा वत्स तुम्हारा पांच मिनट का समय पूरा हुआ, अब कुछ नहीं हो सकता। तुमने अपने पूरे 5 मिनट का समय दूसरों का बुरा करने में व्यतीत कर दिया और अपना जीवन खतरे में डाल दिया, अंततः तुम्हारा अंत निश्चित है। यह सुनकर वह व्यक्ति बहुत पछताया लेकिन सुनहरा मौका उसके हाथ से निकल चुका था।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### खराब सड़कों पर बढ़ता ट्रॉफिक

इन दिनों राजनानी में त्योहारों के चलते लोग खरीददारी करने आ रहे हैं। बाजार में भारी संख्या में दुकानों पर भीड़ देखने को मिल रही है, तो दूसरी और सड़कों की खराब हालत के कारण शहर में ट्रैफिक जाम का लगना आम हो गया है। शहर की मुख्य सड़क हो या मेन बाजार इन पर अब घंटों जाम लग रहा है। जिसके कारण लोगों को पैदल चलने में भी दिक्कत हो रही है। इसका सबसे बड़ा कारण सड़कों पर बनने वाले बड़े-बड़े गड्ढे हैं। जो किसी बड़ी दुर्घटना को न्योता दे रहे हैं। मेरा प्रशासन से आग्रह है कि सड़कों की मरम्मत के साथ इस पर दुकान लगाकर बैठने वालों पर उचित कार्रवाई की जाए ताकि हादसों की संभावना कम हो और लोग सुरक्षित रहें।

*- मनोज कुशवाहा, रायपुर*

## करंट अफेयर

### अग्रणी एआई मॉडल उत्कृष्ट लेकिन वैज्ञानिक तर्क का अभाव

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली और जर्मनी के फ्रेडरिक शिलर विश्वविद्यालय जेना (एफएसयू जेना) के अनुसंधानकर्ताओं ने पाया है कि अग्रणी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) मॉडल बुनियादी कार्यों में तो उत्कृष्ट हैं, लेकिन उनमें वैज्ञानिक तर्क का अभाव है। 'नेचर कम्प्यूटेशनल साइंस' पत्रिका में प्रकाशित शोध से पता चला है कि अग्रणी एआई मॉडल बुनियादी वैज्ञानिक कार्यों में तो आशाजनक परिणाम देते हैं, लेकिन उनमें मूलभूत सीमाएं भी हैं जो अनुसंधान वातावरण में उचित निगरानी के बिना लागू किए जाने पर जोखिम पैदा कर सकती हैं। आईआईटी दिल्ली के एसोसिएट प्रोफेसर एनएम अनूप कृष्णान और एफएसयू जेना के प्रोफेसर केविन माइक जब्लोंका के नेतृत्व में शोध दल ने ''मैकबेंच'' विकसित किया है जो पहला व्यापक मानदंड है जिसे विशेष रूप से यह मूल्यांकन करने के लिए विकसित किया गया है कि दृष्टि-भाषा मॉडल वास्तविक दुनिया के रसायन विज्ञान और पदार्थ विज्ञान कार्यों को कैसे संभालते हैं। कृष्णन ने कहा, ''हमारे निष्कर्ष वैज्ञानिक समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण वास्तविकता जांच का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये एआई प्रणालियां नियमित डेटा प्रोसेसिंग कार्यों में उल्लेखनीय क्षमताएं प्रदर्शित करती हैं।




## ऑफ बीट

### तैरते सौर पैनल होंगे भविष्य की ऊर्जा के स्त्रोत

भूमध्य रेखा के पास शांत समुद्रों में तैरते सौर पैनलों की विशाल श्रृंखला दक्षिण पूर्व एशिया और पश्चिम अफ्रीका में घनी आबादी वाले देशों को प्रभावी ढंग से असीमित सौर ऊर्जा प्रदान कर सकती है। हमारे नए शोध से पता चलता है कि अकेले इंडोनेशिया में अपतटीय सौर ऊर्जा एक वर्ष में लगभग 35,000 टेरावाट-घंटे (टीडब्ल्यूएच) सौर ऊर्जा उत्पन्न कर सकती है, जो वर्तमान वैश्विक बिजली उत्पादन (प्रति वर्ष 30,000 टीडब्ल्यूएच) के समान है। वैसे दुनिया के अधिकांश महासागर तूफानों का अनुभव करते हैं, लेकिन भूमध्य रेखा पर कुछ क्षेत्र अपेक्षाकृत ठहरे हुए और शांत हैं। इसलिए अपेक्षाकृत सस्ती इंजीनियरिंग संरचनाएं अपतटीय फ्लोटिंग सौर पैनलों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त हो सकती हैं। हमारे उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाले वैश्विक ताप मानचित्र दिखाते हैं कि नाइजीरिया के पास इंडोनेशियाई द्वीपसमूह और भूमध्यरेखीय पश्चिम अफ्रीका में अपतटीय तैरते सौर पैनलों के लिए सबसे बड़ी संभावना है। सदी के मध्य तक सौर ऊर्जा नियम वर्तमान रुझानों को देखते हुए लगता है वैश्विक अर्थव्यवस्था 2050 तक बड़े पैमाने पर डीकार्बोनाइज्ड और विद्युतीकृत हो जाएगी, जो बड़ी मात्रा में सौर और पवन ऊर्जा द्वारा समर्थित होगी।



## ट्रेंड

### रिहाई का स्वागत



हम दो साल से ज़्यादा समय तक बंधक बनाए रखने के बाद उनकी रिहाई का स्वागत करते हैं। उनकी आज़ादी उनके परिवारों के साहस, राष्ट्रपति ट्रम्प के अटूट शांति प्रयासों और प्रधानमंत्री नेतन्याहू के दृढ़ संकल्प का प्रतीक है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### अंतिम संस्कार का इंतजार



इससे पीड़ादायक क्या हो सकता है कि वाई. पूरन कुमार की पत्नी एक सप्ताह से अपने पति का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार करने का इंतज़ार कर रही हैं। दिन बीते जा रहे हैं मगर अब भी कोई गिरफ्तारी नहीं - यह साफ़ अन्याय है।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### सरचार्ज माफी योजना



पानी के घरेलू उपभोक्ताओं के लिए लेट पेमेंट सरचार्ज माफ करने का निर्णय लिया है। 31 जनवरी, 2026 तक बकाया बिल के भुगतान पर 100% छूट का लाभ मिलेगा। आज 'लेट पेमेंट सरचार्ज माफी योजना' एवं 'अनाधिकृत कनेक्शन नियमितीकरण योजना' का शुभारंभ किया है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### फर्ज़ी आधार कार्ड



फर्ज़ी आधार कार्ड का इस्तेमाल सिर्फ बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाने के लिए ही नहीं, बल्कि लव जिहाद और धर्मांतरण जैसे संगीन अपराधों में भी किया जा रहा है। ऐसे मामलों पर सख्त कदम उठाए जाएं।

**- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# भारत ने वेस्टइंडीज को 7 से विकेट हराकर जीती टेस्ट सीरीज

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सलामी बल्लेबाज केएल राहुल के नाबाद अर्धशतक की मदद से भारत ने दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच के पांचवें दिन मंगलवार को वेस्टइंडीज को सात विकेट से हराकर दो मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया। भारत ने 121 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पांचवें दिन एक विकेट पर 63 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई। उसे जीत के लिए केवल 58 रन की जरूरत थी। भारत ने आखिर में 35.2 ओवर में तीन विकेट पर 124 रन बनाए। राहुल 58 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (175) और कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 129) के शतकों की मदद से अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 518 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी, जिसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 248 रन ही बना पाई थी और उसे फॉलोऑन करना पड़ा था। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में जॉन कैम्पबेल (199 गेंदों पर 115 रन) और शाई होप (214 गेंदों पर 103 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 177 रन की साझेदारी की, जिससे उसकी टीम 390 रन बनाने में सफल रही। इससे मैच पांचवें दिन तक खिंच गया। भारत ने अहमदाबाद में खेला गया पहला टेस्ट मैच तीन दिन के अंदर पारी और 140 रन से जीता था।

## जडेजा को शानदार प्रदर्शन के लिए चुना गया प्लेयर ऑफ द सीरीज
## कुलदीप यादव ने लिए 8 विकेट, चुने गए प्लेयर ऑफ द मैच






### इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीमें

1158 - ऑस्ट्रेलिया (2107 मैच)
922* - भारत (1916 मैच)
921 - इंग्लैंड (2117 मैच)
831 - पाकिस्तान (1735 मैच)
719 - दक्षिण अफ्रीका (1375 मैच)

**स्कोर बोर्ड**

भारत : पहली पारी: 518/5 , दूसरी पारी
वेस्टइंडीज : पहली पारी : 248/10, दूसरी पारी : 390/10

| भारत दूसरी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का फिलिप बो वारिकन | 08 | 07 | 2 | 0 |
| केएल राहुल नाबाद | 58 | 108 | 6 | 2 |
| सुदर्शन का होप बो चेज | 39 | 76 | 5 | 0 |
| गिल का ग्रीव्स बो चेज | 13 | 15 | 1 | 1 |
| जुरेल नाबाद | 06 | 06 | 1 | 0 |

अतिरिक्त: 00, कुल: 35.2 ओवर में 124/3 रन
गेंदबाजी : जेडन सील्स 3-0-14-0, जोमेल वारिकन 15.2-4-39-1, खारी पियरे 8-0-35-0, रोस्टन चेज 9-2-36-2

### शुभमन गिल की कप्तानी में पहली टेस्ट सीरीज जीती

शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम पहली टेस्ट जीतने में कामयाब रही है। इससे पहले जब भारत ने इंग्लैंड का दौरा किया था, तब भी शुभमन गिल ही कप्तान थे, लेकिन उस वक्त सीरीज बराबरी पर छूटी थी, लेकिन अब सीरीज ना केवल जीती है, बल्कि विरोधी टीम का पूरी तरह से सफाया हो गया है। टीम इंडिया वेस्टइंडीज के खिलाफ साल 2002 से लेकर अब तक कोई भी टेस्ट सीरीज नहीं हारी है। ये अपने आप में एक रिकॉर्ड है।

### द.अफ्रीका के विश्व रिकॉर्ड की भारत ने की बराबरी

एक टीम खिलाफ सबसे ज्यादा लगातार टेस्ट सीरीज जीतने का रिकॉर्ड अभी तक साउथ अफ्रीका के नाम था। साउथ अफ्रीका ने साल 1998 से लेकर 2025 तक वेस्टइंडीज को लगातार 10 सीरीज में हराया है। अब भारत ने भी वेस्टइंडीज को लगातार 10 टेस्ट सीरीज में हरा दिया है। यानी अब साउथ अफ्रीका के रिकॉर्ड की बराबरी भी हो गई है। इतने लंबे टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में अब तक दो ही बार हुआ है, जब किसी टीम ने विरोधी टीम को लगातार 10 दफा टेस्ट सीरीज में हराया हो।

# महिला विश्व कप : बारिश से मैच रद्द श्रीलंका-न्यूजीलैंड को एक-एक अंक



**कोलंबो,(भाषा)।** श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच मंगलवार को यहां आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप मुकाबले को लगातार बारिश के कारण रद्द करना पड़ा जिससे दोनों टीमों को एक एक अंक मिला। मेजबान टीम दमदार बल्लेबाजी प्रदर्शन करते हुए छह विकेट पर 258 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। लेकिन न्यूजीलैंड के लक्ष्य का पीछा शुरू करने से ठीक पहले आर प्रेमदासा स्टेडियम में बारिश आ गई और मैच फिर से शुरू नहीं हो सका। मैच के बाद अटापट्टू ने कहा, ''हमने परिस्थितियों का आकलन कर अच्छा क्रिकेट खेला। दुर्भाग्य से हम मैच पूरा नहीं कर सके। अगला मैच बेहद अहम है। हमें तीन मैच जीतने होंगे। उम्मीद करते हैं कि हमारे मैच में बारिश नहीं हो।' श्रीलंका चार मैचों में दो अंक लेकर सातवें स्थान पर बना हुआ है, जबकि न्यूजीलैंड तीन अंक से तालिका में पांचवें स्थान पर है। यह नतीजा न्यूजीलैंड के लिए भी एक बड़ा झटका है जो पहले ही दो हार झेल चुका है और अब उसके लिए सेमीफाइनल की दौड़ मुश्किल हो गयी है। न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने कहा, ''दुर्भाग्य से मौसम ने हमें मैच नहीं खेलने दिया, हम लक्ष्य का पीछा करने के लिए उत्साहित थे। आंकड़े और संख्याएं केवल यहीं तक सीमित रह सकती हैं।

**कोलंबो में श्रीलंका की बैटिंग के बाद बारिश आई**



### सुल्तान जोहोर कप
### भारत और पाक के बीच मैच 3-3 से ड्रॉ रहा

**जोहोर (भाषा)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने मंगलवार को यहां सुल्तान जोहोर कप के अपने ग्रुप चरण के तीसरे मैच में पाकिस्तान के खिलाफ 3-3 से ड्रॉ खेला। भारत ने रोमांचक मुकाबले में दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बढ़त बनाई लेकिन पाकिस्तान ने गोल करके अंक बराबर कर लिए। इस परिणाम का मतलब है कि भारत को अब तक टूर्नामेंट में हार का सामना नहीं करना पड़ा है। भारत के लिए अरिजीत सिंह हुंडल (43वें मिनट), सौरभ आनंद कुशवाहा (47वें मिनट), मनमीत सिंह (53वें मिनट) ने गोल दागे।


## CORRIGENDUM

In continuation of the Election Notification dated 30.09.2025, it is hereby notified that the revised schedule is as follows:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Notification | 30.09.2025 |
| 2. | Date of filling of Nominations | 11.10.2025 to 18.10.2025 from 10:00 am to 4:00 pm |
| 3. | Date of Scrutiny of Nomination papers | 21.10.2025 at 4:00 pm |
| 4. | Date of Withdrawal of Nominations | 23.10.2025 upto 4:00 pm |
| 5. | Date of allotment of Symbol (in the presence of University Observer) | 24.10.2025 at 12:00 noon |
| 6. | Date of Election | 09.11.2025 from 9:00 am to 4:00 pm |
| 7. | Date of declaration of Results | 09.11.2025 from 4:00 pm onwards |
| 8. | Venue of Election | G.V.M. Girls College, Murthal Road, Sonepat |

All other terms and conditions of the Election Notification shall remain unchanged.
*For any query please contact :*
**Returning Officers :**
Sh. Harish Chander Ghai
Contact No.: 9354817344
Email ID: gvmgc@yahoo.com
Dr. Subhash Gakhar
Contact No.: 9466844040
Email ID: gvmgc@yahoo.com





### पैरा पावरलिफ्टर मैथ्यू ने जीता कांस्य पदक

नई दिल्ली। भारत के अनुभवी पैरा पावरलिफ्टर जोबी मैथ्यू ने मिस्र के काहिरा में आयोजित पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक हासिल किया। मैथ्यू ने सोमवार को लेजेंड्स (मास्टर्स) वर्ग में यह पदक जीता। उन्होंने अपने पहले प्रयास में 147 किग्रा के भार उठाया लेकिन इसे अमान्य घोषित कर दिया गया। उन्होंने इसके बावजूद दूसरे प्रयास में 148 किग्रा वजन आसानी से उठा लिया।

मैथ्यू ने इस लय को जारी रखते हुए अपने अंतिम प्रयास में 152 किग्रा का वजन उठाकर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इससे पहले उनका पिछले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 150 किग्रा था, जिसे उन्होंने दो महीने पहले बीजिंग विश्व कप में हासिल किया था।

**सफलता की ऊंची उड़ान**

## भरत थम्मिनेनी ने फतह की 8 हजार मीटर से ऊंची सभी 9 पर्वत चोटियां

एजेंसी ▸▸| कोलकाता


आंध्र प्रदेश के कुरनूल के पर्वतारोही भरत थम्मिनेनी छठे सबसे ऊंचे पर्वत 'माउंट चो ओयू' (8,188 मीटर) पर चढ़ाई करने के साथ दुनिया की 14 सबसे ऊंची चोटियों में से नौ पर फतह करने वाले पहले भारतीय बन गए। इस 36 वर्षीय पर्वतारोही के करीबी सूत्रों ने यह जानकारी दी।सूत्रों ने बताया कि इस उपलब्धि से पहले थम्मिनेनी ने मई 2017 में माउंट एवरेस्ट, सितंबर 2018 में माउंट मनास्लू, मई 2019 में माउंट ल्होत्से, मार्च 2022 में माउंट अन्नपूर्णा, अप्रैल 2022 में माउंट कंचनजंगा, मई 2023 में माउंट मकालू, अक्टूबर 2024 में माउंट शीशपंगमा और अप्रैल 2025 में माउंट धौलागिरी पर चढ़ाई की थी। ये सभी 8 हजार मीटर से अधिक ऊंची चोटियां हैं।बची हुई पांच शीर्ष चोटियां माउंट के2, नंगा पर्वत, गशेरब्रुम 1 और 2 तथा ब्रॉड पीक पाकिस्तान में हैं और वर्तमान में भारतीय पर्वतारोहियों के लिए वर्जित हैं। थम्मीनेनी 30 सितंबर को चीन के चो ओयू बेस कैंप पहुचे थे लेकिन खराब मौसम और भारी बर्फबारी के कारण उन्हें पहाड़ पर चढ़ने के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ा, जिससे वह बेस कैंप में ही रुके रहे।





### आइसलैंड के ड्रा से फ्रांस का विजय अभियान थमा

**रेक्जाविक।** फ्रांस ने आइसलैंड के साथ 2-2 से ड्रॉ खेलकर 2026 में होने वाले फुटबॉल विश्व कप में स्थान सुरक्षित करने का मौका गंवा दिया। फ्रांस ने इससे पहले लगातार तीन मैच में जीत हासिल की थी। दो बार की विश्व चैंपियन टीम अगर आइसलैंड को हरा देती और यूक्रेन की टीम अजरबैजान को हराने में नाकाम रहती, तो फ्रांस की टीम विश्व कप में जगह पक्की कर सकती थी। यूक्रेन ने 2-1 से जीत दर्ज की। विश्व कप 2022 का उपविजेता फ्रांस अभी भी ग्रुप डी में 10 अंकों के साथ शीर्ष पर है, जो यूक्रेन से तीन अंक अधिक हैं। फ्रांस की टीम कप्तान किलियन एमबाप्पे के बिना मैदान पर उतरी थी, जिन्होंने शुक्रवार को अजरबैजान के खिलाफ टीम की 3-0 की जीत में गोल किया था, लेकिन दाएं टखने में चोट के कारण वह लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए थे।




**बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप : चीन ने इंडोनेशिया को 15वीं बार हराया**

# चीन ने जीता सुहांदिनाता कप, भारत-जापान को कांस्य

गुवाहाटी। बैडमिंटन की दिग्गज टीम चीन ने दबाव के बावजूद अपनी लय बरकरार रखते हुए बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में गत चैंपियन इंडोनेशिया को 2-0 से हराकर 15वीं बार सुहांदिनाता कप अपने नाम कर लिया। चीन ने फाइनल में एशियाई जूनियर चैंपियनशिप के तीन मौजूदा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेताओं और दो रजत पदक विजेताओं के साथ कदम रखा था। दूसरी ओर इंडोनेशिया को पिछले साल जीता गया खिताब बरकरार रखने के लिए अपने कुछ खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की जरूरत थी। लेकिन चीन का शानदार प्रदर्शन रुका नहीं और उसने इंडोनेशियाई खिलाड़ियों को महज दो घंटे से भी कम समय में 45-30, 45-44 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।




### दोनों सेटों में रहा उतार चढ़ाव

एशियाई जूनियर गर्ल्स डबल्स चैंपियन काओ जी हान और चेन फैन शू तियान ने पहले मैच में रिस्का अंगग्रेनी और रिंजानी नास्टाइन को 9-8 से हराकर पहला सेट चीन के लिए आसान बना दिया। इसके बाद चीन ने हर मैच जीतकर सेट अपने नाम किया।

### टिंग और रोंग ने दबाव में नहीं हारी हिम्मत

एशियाई जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता लियू सी या को इसके बाद थलिता विर्यावान ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन उन्होंने चीन के लिए तीन अंकों की बढ़त 27-24 पर बनाए रखने के लिए पर्याप्त प्रयास किया। सेट का आखिरी मैच चारों खिलाड़ियों के लिए हिम्मत की परीक्षा था क्योंकि इंडोनेशिया के एलेक्सियस सुबागियो और रेहान प्रमोनो ने 40-39 के अंतर को कम किया और फिर 44-43 के स्कोर पर एक सेट पॉइंट हासिल किया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25




पीएम मोदी ने मंगोलिया के राष्ट्रपति उखना से की मुलाकात, कहा

# दोनों देशों के रिश्ते केवल राजनयिक नहीं आध्यात्मिक व आत्मीय बंधन पर आधारित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत आगमन पर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना का स्वागत करना मेरे लिए बहुत प्रसन्नता का विषय है। हमारी मुलाकात की शुरुआत 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण से हुई।

राष्ट्रपति ने अपनी स्वर्गीय माताजी के नाम एक वटवृक्ष लगाया है, जो आने वाली पीढ़ियों तक हमारी मित्रता और पर्यावरण के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक रहेगा। बता दें, यह यात्रा कई मायनों में ऐतिहासिक मानी जा रही है, क्योंकि छह वर्षों के बाद कोई मंगोलियाई राष्ट्रपति भारत आए हैं।

यह यात्रा उस समय हो रही है जब भारत और मंगोलिया अपने राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष और रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूरे कर रहे हैं। इस खास अवसर पर दोनों देशों ने एक संयुक्त डाक टिकट जारी किया, जो भारत-मंगोलिया की साझा विरासत, विविधता और गहरे सभ्यतागत संबंधों का प्रतीक है।

पीएम मोदी ने कहा कि भले ही भारत और मंगोलिया की सीमाएं आपस में नहीं जुड़ी हैं, लेकिन भारत हमेशा मंगोलिया को अपना पड़ोसी मानता है। भारत मंगोलिया के साथ मिलकर विकासशील देशों की आवाज़ को वैश्विक मंचों पर और सशक्त करेगा

**दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 70 और रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूरे**

**बुद्ध के शिष्यों सारिपुत्र और मौद्गल्या-यन के अवशेष मंगोलिया भेजे जाएंगे**



### मुफ्त ई-वीजा सुविधा का ऐलान

पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने इस अवसर पर मंगोलियाई नागरिकों के लिए मुफ्त ई-वीजा सुविधा देने की भी घोषणा की है, ताकि दोनों देशों के नागरिकों के बीच संपर्क और यात्राओं में आसानी हो सके। हमारी सीमाएं भले न जुड़ी हों, लेकिन हमारे दिल जुड़े हैं। भारत और मंगोलिया की मित्रता समय के साथ और मजबूत होगी। इस बैठक को दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक, धार्मिक और रणनीतिक सहयोग के नए अध्याय की शुरुआत माना जा रहा है।

### भारत 'गंदन मॉनेस्ट्री' में एक संस्कृत शिक्षक भेजेगा

पीएम मोदी ने कहा कि भारत 'गंदन मॉनेस्ट्री' में एक संस्कृत शिक्षक भी भेजेगा, ताकि वहां बौद्ध ग्रंथों के अध्ययन और प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाया जा सके। हमारा रिश्ता राजनीतिक सीमाओं से परे है। भले ही भारत और मंगोलिया की सीमाएं आपस में नहीं जुड़ी हैं, लेकिन भारत हमेशा मंगोलिया को अपना पड़ोसी मानता है। भारत मंगोलिया के साथ मिलकर विकासशील देशों की आवाज़ को वैश्विक मंचों पर और सशक्त करेगा।

### मंगोलिया से कुल 10 एमओयू पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना के साथ एक उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के बीच स्थापित सामरिक और विकास भागीदारी के अलावा आपसी संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के बाद दोनों देशों के बीच कुल 10 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

### यूएनएनसी में मिलेगा भारत को समर्थन

विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) पी.कुमारन ने कहा, दोनों राष्ट्राध्यक्षों की बातचीत में सामरिक, विकास भागीदारी, सांस्कृतिक संबंध, व्यापार, शिक्षा, जटिल खनिज, नवीकरणीय ऊर्जा और लोगों के बीच संबंधों पर जोर दिया गया। मंगोलिया ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत की स्थायी सीट के लिए अपना समर्थन प्रदान करने की प्रतिबद्धता जताई है।

यूएनटीसीसी के सम्मेलन में रक्षामंत्री बोले

# भारत के लिए शांति स्थापना विकल्प नहीं, आस्था का विषय रही : सिंह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली में आयोजित संयुक्त राष्ट्र सैन्य योगदान देने वाले देशों (यूएनटीसीसी) के प्रमुखों के सम्मेलन को मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत के लिए, शांति स्थापना कभी भी एक विकल्प नहीं रही, बल्कि एक आस्था का विषय रही है। हमारी आजादी के आरंभ से ही, भारत अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के संयुक्त राष्ट्र के मिशन में उसके साथ मजबूती से खड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं कि शांति स्थापना एक सैन्य मिशन से कहीं बढ़कर है; यह एक साझा जिम्मेदारी है। यह हमें याद दिलाता है कि संघर्षों और हिंसा से ऊपर मानवता है, जिसे बनाए रखने की जरूरत है। और इसीलिए जब युद्ध और अभाव से त्रस्त लोग ब्लू हेल्मेट्स को देखते हैं, तो उन्हें यह एहसास होता है कि दुनिया ने उन्हें त्यागा नहीं है। बता दें, यह सम्मेलन में 16 अक्तूबर तक चलेगा, जहां 32 देशों के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी एक साथ मौजूद हैं।

» ***16 अक्तूबर तक चलेगा सम्मेलन 32 देशों से आए अधिकारी***

» ***कुछ देश खुलेआम अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन कर रहे***



### *कुछ देश अपने नियम बनाकर दबदबा बना रहे*

*रक्षा मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय नियमों के उल्लंघन का मुद्दा भी जोरों शोरों से उठाया। उन्होंने कहा कि आजकल, कुछ देश खुलेआम अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, कुछ उन्हें कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि कुछ अपने नियम बनाकर अगली सदी पर अपना दबदबा बनाना चाहते हैं। इन सबके बीच भारत पुरानी अंतरराष्ट्रीय संरचनाओं में सुधार की वकालत करते हुए अंतरराष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था को मजबूती से कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध है।*

### अमेरिका के लिए बहाल हुईं सभी डाक सेवाएं

**नई दिल्ली।** भारतीय डाक विभाग ने कहा कि मंगलवार से अमेरिका के लिए सभी श्रेणियों की अंतरराष्ट्रीय डाक सेवाएं बहाल हो गई हैं। डाक विभाग ने कहा कि अमेरिकी सीमा-शुल्क एवं सीमा संरक्षण (सीबीपी) के निर्देशों के अनुरूप अमेरिका जाने वाली डाक खेप पर शुल्क दर घोषित सामान मूल्य का 50% तय की गई है। जो नए शुल्क नियमों के तहत लागू होगी। डाक विभाग ने कहा, विभाग यह घोषणा करते हुए प्रसन्न है कि 15 अक्टूबर, 2025 से अमेरिका के लिए सभी श्रेणियों की अंतरराष्ट्रीय डाक सेवाएं दोबारा शुरू की जा रही हैं।







| प्रोडक्ट्स | एक्स-शोरूम कीमत | GST लाभ |
|---|---|---|
| Super Splendor | ~~₹87 829~~ ₹ 80 967# | ₹6 862 |
| Xtreme 125R | ~~₹1 00 705~~ ₹92 837# | ₹7 868 |

Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors- 9289923122; Ambala City: Dhruv Hero - 9289922868; Assandh: Sandhu Hero - 9996571157; Bahadurgarh: Satvik Hero - 9289922550 Bhiwani: Jaya Hero - 9289922056; Ellenabad: Ajit Hero - 9289922505; Fatehabad: Shri Balaji Hero - 9289922057; Gharaunda: Laxmi Hero - 9289922433; Gohana: Krishna Hero - 9289923026; Hisar: Chaudhary Hero - 9289922049, Vikrant Hero - 9289923082; Jhajjar: Pushkar Hero - 9289923147; Jagadhari: Khanna Hero - 9289922050; Jind: National Hero - 9289922061; Kaithal:Chaudhary Hero - 9289922062; Karnal:Nirmal Hero - 9289922048; Kurukshetra: VPS Hero - 9289922988; Ladwa:Khanna Hero - 9289922063; MandiDabwali: Karan Hero - 9289922490; Nuh:Sunil Hero - 9289923087; Narnaul:Autodeals Hero - 9289922058; Narwana:Narwana Hero- 9289923101; Palwal: DevVaahan Hero - 9289922877; Panchkula: Regent Hero - 9289923161; Panipat: Kadian Hero - 9289923182, Sahib Hero - 9289922059; Pehowa: Saraswati Hero - 9289922393; Rewari: Virendra Hero - 9289922060; Rohtak:Shivam Hero - 9289922047; Sirsa: Khanna Hero- 9289923195; Sonipat: Madaan Hero - 9289922865; Yamuna Nagar: Rohit Hero - 9289922394; Hansi: Sunil Motors- 9821744694.